श्री मांगे राम गुप्ता(जीन्द): डिप्टी स्पीकर साहब, यह जो अमैंन्डमेंट आई है यह ठीक नहीं है।चौधरी राम लाला जी ने बताया है कि कमेटी की पहले तीन साल मियाद थी उसको बढ़ाकर पांच साल कर दिया गयाथा यही लोग थे जो उस वक्त पांच साल मियाद करने का विरोध करते थे लेकिन आज ये ही उसको बढाकर छः साल कर रहे हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा रेजीडेन्स शहर में है ओर मै। म्युनिसिपल कमेटी के बोर में सारी

बातें समझता हूं कि कमेटी की मियाद बढ़ाने के क्या लाभ हैं और क्या हानि होगी। हमारे देश की बदकिस्मती यह है कि कहीं लोगों को जातपात के आधार पर भड़काया जा रहा है, कहीं पर हमारे कुछ भाई शहरी और गैर–शहरी का सवाल उठाकर लोगों को भड़का रहे हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, यह तो वही कहावल है कि किसी ने कहा कि मैंने दिल्ली में लोग पालकी में जाते हुए देखे। इस पर किसी बुद्धिमान आदमी ने कहा कि आपने पालकी में लोग जाते हुए तो देख लिये लेकिन जो लोग पालकी को उठा रहे थी वे भी दिल्ली में ही रहते हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, यह भावना गल्त है कि शहर में जो लोग रहते हैं वे सारे अमीर ही रहेते है और वहां पर सारे साधन उपलब्ध हैं। ऐसी बात नहीं है। जिस तरह से देहात के अन्दर गरीब और अमीर दोनों तरह के लोग रहते हैं उसी तरह से शहर के अन्दर गरीब और अमीर दोनों तरह के लोग रहते हैं उसी तरह से शहर के अन्दर भी गरीब और अमीर आदमी रहते हैं (व्यवधान) आप इतनी जल्दी क्यों कर रहे हैं? आप मुझे बोलने दीजिए।

चौ. राम लाल वधवा: लेकिन आप रैलवेन्ट तो बोलें।

श्री मांगे राम गुप्ता: डिप्टी स्पीकर साहब, मैं बिल्कुल रैलेवेन्ट बोल रहा हूं। (व्यवधान) मुझे तो बोलने ही नहीं दिया जा रहा है। मैं तो आपके हुक्म के मुताबिक ही बोल रहा हूं। जब सरकार ने म्युनिसिपल कमेटियों को बीच में ही सुपरसीड कर दिया तो गवर्नमैंट ने उनको चलाने के लए एडमिनिस्ट्रेटर वहां पर

लगा दिए। जो एडमिनिस्ट्रेटर होता है वह आउट आफ दि सिटी का होता है। उसको शहर के लोगों की तकलीफ का कुछ पता नहीं होता। जो लोकल मैम्बर्ज होते हैं वे शहर की हर बात को समझते हैं। वे लोगों की तकलीफ को समझते हैं लेकिन जो एडमिनिस्ट्रेटर होता है वह सरकार की तरफ से लगाया जाता है। वह लोगों की तकलीफ को सुनता नहीं है बल्कि एग्जेक्टिव पावर्ज के अन्दर कुछ गल्त कानून पास कर देता है और उससे लोगों को तकलीफ होती है। मैं अपने जींद की बाबत बताता हूं कि जींद की म्युनिसिपल कमेटी सुपरसीड हुई और वहां पर एडमिनिस्ट्रेटर काम करता है। उस एडमिनिस्ट्रेटर ने 31 मार्च, 1978 को हाउस टैक्स लगाने के लिए लिस्ट फाइलन की और वह टैक्स 1 अप्रैल, 1977 से लगा दिया। कानूनन तो यह टैक्स लगाना ही गल्त है क्योंकि सरकार ने हाउस टैक्स एग्जैम्पट कर रखा था और पिछली तारीख से तो लगाना बिल्कुल ही गल्त है। जींद की म्युनिसिपल कमेटी को हाउस टैक्स से म्युनिसिपल एक्ट की धारा 101 (ए) के तहत एग्जैक्पट किया हुआ है। डिप्टी स्पीकर साहब, शहर में अमीर और गरीब दोनों तरह के लोग रहते हैं। हाउस टैक्स लगने से गरीब आदमी पर बहुत बोझ पड़ेगा ओर वह बेचारा बहुत ही परेशानी महसूस करेगा (व्यवधान)।

चौ. राम लाल वधवा: आन ए प्वांयट आफ आर्डर। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं माननीय सदस्य से प्रार्थना करूंगा कि जो

बिल है उस पर ही बोलें क्योंकि इससे मुझे जवाब देने में सुविधा होगी और मुझे उस पर ज्यादा नहीं बोलना पड़ेगा।

श्री मांगे राम गुप्ता: अगर मंत्री जी ऐसा कहते हैं तो इस बारे में मैं और नहीं कहूंगा सिर्फ इतना ही कहूंगा कि इस हाउस टैक्स को बन्द किया जाए।

स्थानीय शासन मंत्री (चौ. राम लाल वधवा): डिप्टी स्पीकर साहब, अभी माननीय सदस्य चौ. शिवराम वर्मा जी ने एक बात कही मैं आज भी उस पर कायम हूं उससे पीछे नहीं हटा हूं। मैं आपके द्वारा उन्हें सूचना देना चाहता हूं कि मुझे अभी चार्ज लिये केवल तीन महीने ही हुए हैं और मैंने 24 दिसम्बर की डेट इलेक्शन के लिये मुकर्रर कर दी है। डिप्टी स्पीकर साहब, यह एक साल की मियाद बढ़ाने की स्थिति इसलिये पैछा हुई कि सन् 1973 में बंसीलाल की जो पिछली सरकार थी, उसने म्यूनिसिपल एक्ट में यह तरमीम कर दी थी कि तीन साल तक एडमिनिस्ट्रेटर रहेंगे और तीन साल के बाद चुनाव होंगे। इस प्रकार की एक नयी डेमोक्रेसी इस हाउस के अन्दर लाई गई थी जिसका हम दोनों ने विरोध किया था लेकिन हाउस में बहुमत होने के कारण बंसीलाल सरकार ने वह म्यूनिसिपल एक्ट पास कर दिया था। तीन साल के बाद उस सरकार को चुनाव करवा देने चाहिए थे लेकिन चुनाव करवाए नहीं गए बल्कि उसकी मियाद दो साल और बढ़ा दी यह कर दिया कि 1978 तक यह चुनाव नहीं होंगे और एडमिनिस्ट्रेटर रहेंगे। अब हमारी जनता सरकार ने आने के बाद यह फैसला किया

कि चाहे म्यूनिसिपल कमेटियां हों, चाहे पंचायतें हों, चाहे कोई दूसरे अदारे हों, हमने नये सिरे से प्रजातन्त्र को यहां पर कायम करना है और वह प्रजातन्त्र कायम किया भी है एक एक करके हम चुनाव करा कर पब्लिक के हाथ में सब कुछ देते जा रहे हैं यह एक साल की मियाद बढ़ाने का मतलब यह नहीं कि हम एक साल आगे जा रहें हैं, बल्कि हमने तो केवल एक कानूनी खला को पूरा करने के लिये ऐसा किया है। पांच साल 1978 में खत्म हो रहे थे, इसलिये सारी फारमैल्टीज पूरी करने के लिये जो समय लगना था, उसके लिये हमें एक साल का समय बढ़ाना पड़ा है। यह तो सिर्फ एक कानूनी खला पूरा रकने के लिये ऐसा कदम उठाया गया है वैसे इलैक्शनों के लिये हमने 24 दिसम्बर की तारीख निश्चित कर दी है। (थम्पिग)

Mr. Deputy Speaker: Question is –

That the Haryana Municipal (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now the House will take up the Bill clause by clause.

CLAUSE 2

चौ. शिवराम वर्मा (नीलोखेड़ी): उपाध्यक्ष महोदय, अभी अभी मंत्री महोदय जी ने जोकि हमारे आनरेबल साथी भी रहे हैं,

यह कहा कि तीन साल इलैक्टिड कमेटी रहेगी और तीन साल एडमिनिस्ट्रेटर रहेगा लेकिन तीन का पांच हुआ और अब पांच का छः कर रहे हैं। (शोर)

श्री उपाध्यक्ष: वर्मा साहब, आप समझे नहीं। (शोर)

चौ. शिवराम वर्मा: डिप्टी स्पीकर साहब, अब पांच का 6 कर रहे हैं और यह ऐक्ट में रहेगा इसलिये इसी का हमने विरोध किया था क्योंकि इसको हटाने का फिर दोबारा संशोधन आयेगा इसलिये मेरी प्रार्थना है कि इस बारे जरा विचार करें। इसी तरह लोगों के विरोध करने के बावजूद जो इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट बने थे और बाद में सरकार ने तोड़ दिये हैं, उसकी मैं सराहना करता हूं (थम्पिग) डिप्टी स्पीकर साहब, जब हम विरोधी पक्ष में बैठा करते थे तो उस समय हर रोज कहा करते थे कि ये इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट जो हैं, बिल्कुल सफेद हाथी हैं और अब सरकार ने उनको तोड़ कर बड़ा अच्छा काम किया है, सचमुच सरकार बधाई की पात्र है। लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि अगर एक साल और ये कमेटियां इसी प्रकार चलेंगी और इम्प्रूवमेंट ट्रस्टों का काम भी कमेटियों के ऊपर आएगा। तो जो इम्प्रूवमैंट ट्रस्टों ने लोगों की जमीने ले रखी हैं और उन जमीनों का कई सालों से लोगों को पैसा नहीं मिला है यानि उन लोगों का लाखों रूपया इन ट्रस्ओं की तरफ बकाया है तो उस पैसे को देने का सरकार प्रशासकों को आदेश दे कर कुछ न कुछ प्रबन्ध करे। जो एक साल की मियाद सरकार बढ़ाने जा रही है इसकी समाप्ति से पहले मैं यह

चाहूंगा कि जिन लोगों की जमीने इम्प्रूवमैंट ट्रस्टों ने ले रखी थीं उनको उस जमीन की कीमत दे देनी चाहिए नहीं तो इस मियाल के बढ़ाने से लोगों के दिलों में यह भ्रम आएगा कि शायद अब उनकी यह बात एक साल और पीछे पड़ गई है पता नहीं क्या होगा।

श्रीमती सुशमा स्वराज (अम्बाला छावनी): उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल की क्लाज दो पर बोलना चाह रही हूं। बिल की क्लाज 2 के अन्तर्गत हरियाणा नगरपालिका एक्ट की धारा 277 की उपधारा में 5 वर्श शब्द के स्थान पर 6 वर्श शब्द रखा जायेगा बिल के उदेश्यों और कारणों में भी यह ब्यान किया गया है और अब सम्बन्धित मन्त्री महोदय ने अपना ब्यान देते हुए यह बात कही है कि चुनाव के लिए 24 दिसम्बर की डेट फिक्स कर दी है और बिल लाने का कारण केवल मात्र इतना है कि नगरपालिकाओं की सीमाओं में कुछ विस्तार किया जाना था यह कहीं कुछ कमी की जानी थी और इलैक्टोरल रोल तैयार किये जाने थे। इसी वजह से यह एक साल की अवधि बढ़ाई गई है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से इस बारे में एक स्पश्टीकरण लेना चाहती हूं कि यह जो कारण या उदेश्य इन्होंने बातए हैं या अपनी स्पीच में इन्होंने जो कुछ कहा है ये कारण कोई परमानेन्ट कारण नहीं है बल्कि एक पर्टीकुलर पीरियड से सम्बन्धित हैं। बल्कि ये जो कारण जैसा कि आज इलेक्टोरल रोल के बनने में दिक्कतें आई हैं या नगरपालिका सीमााओं के विस्तार या कमी के लिये जो समय

चाहिएं, ये केवल मात्र आज के हालात हैं इसलिये आज के हालात में अवधि को बढ़ाकर पांच से छः साल करने से तो बेहतर था कि 24 दिसम्बर तक का समय ही मांग लेते। अगर ये पांच से छः साल का समय भी कर दें तो हमें कोई एतराज नहीं लेकिन क्या मंत्री महोदय स्पश्टीकरण देने की कृपा करेंगे कि क्या यह संशोधन इस क्लाज में बना रहेगा और इसके अन्तर्गत म्युनिसिपल कमेटियां के चुने हुए सभी सदस्य 6 वर्श के लिये चुने जायेंगे अगर ऐसा है तो हम इसका विरोध करते हैं। क्योंकि संसद के चुनाव भी पांच वर्श के लिये होते हैं और विधान सभाओं के चुनाव भी पावं वर्श के लिये होते है। जब संसद ने अपनी अवधि पांच वर्श से बढ़ाकर 6 वर्श की थी तो हमने श्री वधवा साहब और सभी लोगों ने इसका जोर शोर से विरोध किया था। अगर मंत्री महोदय हमें यह स्पश्टीकरण दे दें कि ये जो कारण इन्होंने बताये हैं ये परमानेन्ट कारण नहीं रहेंगें, हर पांच साल के बाद इलैक्टोरल रोलज में दिक्कतें नहीं आयेगी, हर पांच साल के बाद नगरपालिका के विस्तार या कमी की बात नहीं आयेगी, ये तो केवल आज के हालात को मदेनजर रखते हुए ऐसा किया गया है फिर तो हम इसकी ताईद करते हैं।

स्थानीय शासन मंत्री (चौ. राम लाल वधवा): डिप्टी स्पीकर साहब, इसका मतलब यह नहीं कि यह अवधि 6 वर्श की ही रहेगी और चुने हुए मैम्बर भी 6 वर्श के लिये रहेंगे। नगरपालिका कानून के अन्तर्गत उसमें जो तीन साल की मियाद मुकर्रर है, ये

जो चुनाव होंगे कानून के अन्तर्गत उतने समय तक ही सदस्य रहेंगे।

Mr. Speaker: Question is –

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 3

That clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 1

That clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

ENACTING FORMULA

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Local Government Minister (Ch. Ram Lal Wadhwa): Sir, I beg to move –

That the Haryana Municipal (Amendment) Bill be passed.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved –

That the Haryana Municipal (Amendment) Bill be passed.

Mr. Deputy Speaker: Question is –

That the Haryana Municipal (Amendment) Bill be passed.

The motion was carried.

दि हरियाणा लैंड होल्डिग्ज टैक्स (अमैंडमैंट) बिल, 1978

Revenue Minister (Thakur Bir Singh): Sir, I beg to introduce the Haryana Land Holdings Tax (Amendment) Bill, 1978.

Sir I also beg to move –

That the Haryana Land Holdings Tax (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved –

That the Haryana Land Holdings Tax (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

स्वामी आदित्यवेश (हथीन): उपाध्यक्ष महोदय, यह बिल लाकर हमारी जनता सरकार ने हरियाणा के गरीब किसान भाइयों का बहुत भला किया है, इसके लिये मैं अपनी सरकार को बधाई देता हूं। हमारी सरकार ने यह फैसला किया है कि सवा छः एकड़ जमीन का मालिया माफ कर दिया जाएगा इससे गरीब किसानों को काफी राहत मिल जाएगी, इसके लिये भी हमारी सरकार बधाई की पात्र है। पिछली जो कांग्रेस की सरकार थी उसने तो गरीब लोगों का खून चूस रखा था और एक एक ईच धरती पर टैक्स लगा रखा था। अब इस बिल को लाकर जनता सरकार ने वास्तव में बड़ा ही सराहनीय कार्य किया है। हमारी जनता सरकार ने चुनाव के दिनों में लोगों से इस बारे में जो वायदा किया था, उसको अब पूरा कर दिया है। इसके लिये मैं एक बार फिर अपनी सरकार को धन्यवाद देता हूं।

13.00 बजे

चौ. जगजीत सिंह पोहलू (पाई): डिप्टी स्पीकर साहब, सरकार ने यह जो बिल पेश किया है मैं इसका स्वागत करता हूं क्योंकि जब विशाल हरियाणा पार्टी का राज थ तो उस वक्त मैं

वजीर था और हमने उस वक्त किसानों का भला किया था। हमने उस वक्त पांच एकड़ तक का मालिया माफ किया था। आज चौ. देवी लाल ने सवा छः एकड़ का मालिया माफ किया है यह बहुत अच्छी बात की है, इससे छोटे किसानों को राहत मिलेगी। इसके साथ–साथ मैं चौधरी साहब से यह भी कहना चाहता हूं कि आज किसानों से जो लागत लिया जाता है वह नकद न लेकर इस कांइड लिया जाए। आज यह ढिंढोरा पीटा जा रहा है कि यह किसानों की सरकार है इसलिये में सी.एम. साहब से दर्खास्त करूंगा कि किसानों के लगान नकदी के रूप में न लेकर अनाज के रूप में लिया जाए। मैं चाहता हूं कि इस बारे आज ही इस बिल में अमैंडमैंट कर दी जाए। आज क्या होता है कि किसानों को लगान देने के लिये अपनी चीजें बेचनी पड़ती हैं, जेलों की तरफ जाना पड़ता है, बहियों पर अंगूठे लगाने पड़ते हैं और बैकों से पैसा लेना पड़ता है इसलिये सरकार अगर लगान इन कांइड ले ले तो किसानों को यह तकलीफ नहीं होगी। सरकार की पालिसी यह भी है कि किसान की भलाई हो, उनका अनाज सस्ता न बिके और उसको उसकी उपज के पूरे दाम मिलें। इसलिये इस बिल में यह भी अमैंडमैंट एड कर दी जाए कि किसानों से लगान इन कांइड लिया जाएगा ओर उनको उनकी उपज के पूरे भाव भी मिलेंगे।

चौ. शिवराम वर्मा (नीलोखेड़ी): उपाध्यक्ष महोदय मैं इस बिल का विरोध करने के लिये खड़ा नहीं हुआ हूं लेकिन इसमें

भूस्वामियों को केवल 5 रूपये से लेकर 10 रूपये साल की ही बचत हो सकती है, कोई लम्बी चौड़ी नहीं हो सकती। सरकार अगर जमीन के छोटे मालिकों को गरीब समझती है तो उनको फर्टिलाइजर में भी सबसिडी दी जानी चाहिए, उनके बच्चों की पढ़ाई में भी रियायत मिलनी चाहिए ओर उनको हर प्रकार की सहूलियत दी जाए। हर प्रकार के आरक्षण का आधार भी आर्थिक स्थिति पर किया जाए।

श्री उपाध्यक्ष: वह तो एस.एफ.डी.ए. करती ही है।

चौ. शिवराम वर्मा: वह तो करती है लेकिन अगर ये बातें सरकार भी करे तो उससे किसानों को, गरीब आदमियों को और ज्यादा फायदा हो सकता है। मैं सिर्फ यही कहना चाहता था।

चौ. लाल सिंह: (नारायणगढ़): डिप्टी स्पीकर साहब, आपकी बड़ी मेहरबानी है कि आपने मुझे समय दिया। मैं अपनी सरकार को बहुत बधाई देता हूं कि आज उसने गरीब आदमी को जमीन का अन्न खाने लायक बना दिया है। पहले तो जो पैदा होता था उसे टैक्स के रूप में ले लिया जाता था। पिछली सरकार ने बहुत टैक्स लगा दिये थे जिनकी वजह से गरीब आदमी बहुत दुखी थे। लेकिन आज की सरकार ने जो किसानों पर उपकार किया है उसके लिये मैं उसको बधाई देता हूं। इसके साथ साथ मैं और अर्ज करना चाहता हूं कि जो सरकारी मुलाजिम इस सरकार की ईमानदारी से सेवा करते हैं उनको भी सरकार को

कुछ ईनाम देना चाहिए। अभी अभी एक अफसर की बात आई है जिसका नाम है लखी राम। उस आदमी ने 21 किलो सोना पकड़ा है इसलिये उस आदमी को ईनाम भी मिलना चाहिए और तरक्की भी मिलनी चाहिए।

Mr. Deputy Speaker: Question is –

That the Haryana Land Holdings Tax (Amendment) Bill be taken int consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Deputy Speaker: Now the House will takeup the Bill clause by clause.

SUB CLAUSE (2) of CLAUSE 1

That sub-clause (2) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 2

Mr. Deputy Speaker: I have received notice of an amendment to this clause from Rao Dalip Singh, M.L.A. He may please move his amendment.

Rao Dalip Singh (Mohindergarh): Sir, I beg to move –

In proposed section 5A, in line 4, after the words "or less" insert the workds "or the land owners of land holding measuring more than 2.5 hectares (6.25 acres) but the land holding tax does nto exceed the amount of tax payable on 2.5 hectares (6.25 acres) of class I soil of land mentioned in schedule I of the Act."

डिप्टी स्पीकर साहब यह जो इसमें सवा छः एकड़ तक की टैक्स एग्जैम्पशन दी है, इसके लिये मैं चीफ मिनिस्टर साहब को मुबारिकबाद देता हूं। जैसे कि पोहलू साहब ने बताया कि यह एग्जैम्पशन पहले भी सन् 67 में पांच एकड़ तक के लिये दी गई थी। लेकिन इस बिल में यह क्लियर नहीं होता कि जो सवा छः एकड़ का टैक्स है वह माफ होगा। हमारे यहां पर चाही लैंड भी है, बरानी भी है, बूढ़ भी है और कल्लर भी है। लेकिन एक चाही जमीन जो नहरी है और जिसमें पूरी पैदावार होती है, कपास भी होती है और बासमती चावल भी होता है उसका भी सवा छः एकड़ का लगान माफ कर दिया और दूसरी तरफ मेरे पास बड़ी रद्दी बूढ़ जमीन है उसका भी सवा छः एकड़ का लगान माफ किया है। चाहे मैं उसका टैक्स खराब जमीन होने की वजह से कम देता हूं। मैं यह चाहता हूं कि जितना लगान आपने एक अच्छी जमीन का माफ किया है उतना ही पैसा खराब जमीन का माफ होना चाहिए।

चाहे मेरे पास खराब जमीन 12 एकड़ क्यों न हो। फर्ज करो मेरे पास बूढ़ जमीन है और उस पर लैंड होलडिंग टैक्स चाही की इरीगेटिड जमीन से कम है तो मेरी अमैंडमैंट का मतलब यह था कि इसमें अमाउन्ट आनी चाहिए कि जितना पैसा इरीगेटिड जमीन का सवा छः एकड़ का माफ होगा उतना ही पैसा खराब जमीन का माफ हो गया था लेकिन बाद में फिर लगा दिया गया। इसलिये उसे भी माफ कर दिय जाए। इसके साथ साथ मेरी एक और प्रार्थना है कि फ्लड के अन्दर रिवर्ज के एकशन से कुछ जमीनें बरान हो गई। हमारे यहां तहसील महेन्द्रगढ़ में दुहान नही है, साहबी नही है और एक और नदी है उनसे काफी लैंड बरान हो गई है, अन–प्रोडक्टिव हो गई है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि ऐसी जमीन भी टैक्स से बिल्कुल एग्जैम्पट होनी चाहिए।

Mr. Deputy Speaker: Motion moved –

In proposed section 5A, in line 4, after the words “or less” insert the workds “or the land owners of land holding measuring more than 2.5 hectares (6.25 acres) but the land holding tax does nto exceed the amount of tax payable on 2.5 hectares (6.25 acres) of class I soil of land mentioned in schedule I of the Act.”

Mr. Deputy Speaker: Question is –

In proposed section 5A, in line 4, after the words “or less” insert the workds “or the land owners of land holding measuring more than 2.5 hectares (6.25 acres) but the land holding tax does nto exceed the amount of tax payable on 2.5

hectares (6.25 acres) of class I soil of land mentioned in schedule I of the Act."

The motion was lost.

Mr. Deputy Speaker: Question is –

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

SUB CLAUSE (1) OF CLAUSE 1

Mr. Deputy Speaker: Question is –

That sub-clause (1) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

ENACTING FORMULA

Mr. Deputy Speaker: Question is –

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Deputy Speaker: Question is –

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Revenue Minister (Thakur Bir Singh): Sir, I beg to move –

That the Haryana Land Holdings Tax (Amendment) Bill be passed.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved –

That the Haryana Land Holdings Tax (Amendment) Bill be passed.

राव दलीप सिंह (महेन्द्रगढ़): डिप्टी स्पीकर साहब, यह जो एक्ट है, जिसके लिये मैंने अपनी अमैंडमैंट दी थी यह बड़ा भारी डिस्टिक्रमिनेटरी है। एक तरफ तो एक किसान जिसके पास बहुत अच्छी जमीन है जिसमें बासमती चावल पैदा होता है और जिसका वह लगान देता है, वह है और दूसरी तरफ एक गरीब किसान हे जिसके पास रद्दी जमीन है कल्लर जमीन है इन दोनों के ीच बड़ा भारी भेदभाव किया गया है। यह एक्ट हाईकोर्ट में बिल्कुल वायलेट हो जाएगा यानी वौयड हो जाएगा। इसलिये गवर्नमैंट से मेरी प्रार्थना यह है कि there should be no discrimination with the land honders who have poor quality of land.

राव बीरेन्द्र सिंह (अटेली): डिप्टी स्पीकर साहब, मैं अर्ज करूंगा कि स्टैप्स तो बहुत अच्छे हैं कि सरकार ने सवा 6 एकड़ के मालिकों की जमीन का मालिया मुआफ किया है। पहले भी 1967 में मुआफ किया था और आज चौधरी साहब ने भी वही कदम उठाया है। लेकिन भेदभाव वाली चीज न करें, कुछ बड़ा दिल करें। कुछ जगहें ऐसी हैं जहां पूरा नहर का पानी मिलता है, वहां पर सवा 6 एकड़ पर मालिया 30 रूपये हो सकता है, 25 रूपया हो सकता है लेकिन कुछ ऐसी जमीन है जहां एक रूपया या डेढ़ रूपया मालिया बनेगा। इस तरह से किसी को 25 रूपये का रिलीफ मिल गया और किसी को एक या डेढ़ रूपया का रिलीफ मिल गया और किसी को एक या डेढ़ रूपया का रिलीफ मिल गया, यह ठीक नहीं है। अमाउन्ट के ऊपर रिलीफ होना चाहिए। सवा छः एकड़ जमीन के ऊपर जो हाइयेस्ट अमाउन्ट लैंड रैवेन्यू की, लैंड होल्डिंग टैक्स की बनती है उसके मुताबिक किसी किसान के पास उतना मालिया देने की जो जमीन है, वह मुआफ होना चाहिए या टोटल डयूज में से उतनी रकम घटाकर उसे वसूल करना चाहिए। मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे मुख्यमंत्री जी इस बिल को वापिस लेंगे या इस स्टेज के ऊपर भी कुछ करेंगे। नही तो आगे के लिये वायदा करें कि यह बात किसी दूसरे बिल के जरिये से मन्जूर कर लेंगे ताकि हरियाणा में जो बहुत से बरानी और रेतीले इलाके हैं, जैसे उनका सिरसा और डबवाली का इलाका है, उस इलाके को याद करके फिर महेन्द्रगढ़ और रिवाड़ी की तरफ निगाह करेंगे। चाही टैक्स वाला मामला भी बड़ा जरूरी

है, इसकी तरफ की नजर करें ताकि सब लोग सैटिसफाई हो जाएं वरना इससे लोगों में बेचैनी फैलेगी।

Mr. Speaker: Question is –

That the Haryana Land Holdings Tax (Amendment) Bill be passed.

The motion was carried.

दि हरियाणा लैजिस्लेटिव असैंबली (अलाउंसिज एंड पैन्शन आफ मैम्बर्ज) अमैंडमैंट बिल, 1978

Local Government Minister (Ch. Ram Lal Wadhwa): Sir, I beg to introduce the Haryana Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Amendment Bill, 1978.

I also beg to move –

That the Haryana Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Amendment Bill be taken into consideration at once.

Mr. Deputy Speaker: Motion moved –

That the Haryana Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Amendment Bill be taken into consideration at once.

राव बीरेन्द्र सिंह (अटेली): डिप्टी स्पीकर साहब, मुझे अच्छी चीजों का विरोध करने की आदत नहीं है, लेकिन यह बिल

असल में विरोध करने के काबिल है। अगर एम.एल.एज. असैम्बली में बैठ कर अपनी पैन्शन के लिये इतनी तेजी के साथ बिल पास करना चाहें और इसके बारे में लोगों की ओपीनियन भी मालूम न करें तो बहुत बुरी बात है। होना यह चाहिए था कि अगर असैम्बली में मैम्बर अपनी पैन्शन के मुताल्लिक फैसला करना चाहें तो पब्लिक ओपीनियन के लिये यह बिल पब्लिक के सर्कुलेट करना चाहिए, टाईम लें, सोचें और देखें कि लोग क्या कहते हैं। (व्यवधान) मान लिया मुझे इस बिल से पूरा फायदा पहुंचेगा। मेरे 25 साल पूरे हो जाते हैं और मैं मैक्सिमम पैन्शन लूंगा। मैं पंजाब के टाईम से, यानि सन् 1956 से मैम्बर चला आ रहा हूं।

चौ. राम लाल वधवा: 500 रूपये से फालतू नहीं मिलेगी। (हंसी)

राव बीरेन्द्र सिंह: मुझे कुछ तो फायदा पहुंचेगा ही, लेकिन मैं फिर भी इसका विरोध करता हूं। इतनी जल्दी से ऐसे बिल को पास न करें, इसको कंसिडर न करें और वापिस लें लें। थोड़ा सा खुद भी सोचें, पार्टी में भी डिस्कस करें, तब सोच समझ कर लायें।

मुख्यमंत्री (चौ. देवी लाल): यूं कहो कि वरना हम वाकआउट कर जायेंगे।

राव बीरेन्द्र सिंह: वाक आउट करने से आपको फर्क नहीं पड़ता इसलिये मैं वाक आउट नहीं करूंगा। मैं अपना विरोध

रिकार्ड करता हूं और चीफ मिनिस्टर साहब को एक दोस्त के नाते सलाह दूंगा कि इस बिल को असैम्बली में जल्दबाजी में पास न करें।

(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौ. खुरशीद अहमद पदासीन हुए।)

श्रीमती सुशमा स्वराज (अम्बाला छावनी): चेयरमैन साहब, इस वक्त जो बिल विधान सभा (सदस्य भत्ता तथा पैन्शन) संशोधन विधेयक, 1978 सदन में पेश किया गया है मुझे इस बिल को देखकर बेहद अफसोस हुआ है। चेयरमैन साहब, इससे पहले वाला बिल जितना काबिलेतारीक था यह बिल उतना ही अफसोसनाक है। मुझे मालूम है कि मेरे सदन के मुआज्जिज साथी, मेरी यह बात सुनकर चौंक गए होंगे और बहुत से सदस्य मेरे ख्यालात से मुखालिफ होंगे। शायद बहुत कम मेरे सदन के साथी मेरे साथ सहमति प्रकट करें लेकिन वास्तव में इस वक्त सवाल सदन के सदस्यों की सहमति का नहीं है, बल्कि जनता के प्रति उत्तरदायित्व का है, पब्लिक के प्रति रिस्पौंसिबिलिटी और अपनी जिम्मेवारी का सवाल है। इस वक्त बिल में जो प्रावधान किया गया है, सारे बिल की क्लाजिज को पड़ने के बाद दो लाईनें कहने को जी करता है:—

कल तक तो बस्ती में थे ताजीदा के सब के सब,

दरिया का रूख बदलते ही तैराक हो गए।

आज से पहले, कांग्रेस सरकार इस तरह का बिल लाई थी और एम.एल.एज. की पैन्शन का प्रावधान किया था। हम लोग जहां भी थे और जिस भी स्थान पर थे, हमने उस बिल का विरोध किया था और एक बात कह कर आलोचना की थी कि आज संसद मैं और विधान सभाओं में बैठे हुए ये विधायक, आगे आने वाले समय के लिये अपनी रोजी–रोटी का प्रबन्ध कर रहे हैं और शायद उनको मालूम हो गया है कि आगे आने वाले समय में वे विधान सभा में नहीं आ सकते। इस तरह की बातें कह कर .....(शोर)

चौ. लाल सिंह: आन ए प्वायंट आफ आर्डर। चेयरमैन साहब, मैं आपकी मारफत बहिन जी से दरख्वास्त करूंगा कि यहां पर ऐसी बात न की जाए कि आने वाले समय में ये नहीं आयेंगे। हम तो तीन दफा आ लिये हैं (व्यवधान) मेरी बात समझने की कोशिश कीजिए। (व्यवधान) इन्होंने कहा है कि आने वाले समय में ये नहीं आयेंगे .....(शोर)

श्री सभापति: चौ. लाल सिंह जी, आपका प्वायंट आफ आर्डर मैं समझ गया हूं, आप बैठ जाइये .....(व्यवधान)

चौ. लाल सिंह: एक एम.एल.ए. गजिटिड आफिसर की पोस्ट के बराबर का होता है, उसकी इज्जत होती है और बाद में उसके बच्चे भूखे मरते हैं, बच्चे रूलते फिरते हैं। आज अगर यह बिल लाए हैं तो कोई चोरी नहीं है, डाका नहीं है। (व्यवधान)

Mr. Speaker: This is no point of order. This is rather the misuse of point of Order.

चौ राम लाल वधवा: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, मेरी प्रार्थना यह है कि बहिन सुशमा जी ने जा बात कही कि मैम्बर नहीं आयेंगे, यह सारे हाउस पर अस्पर्शन है, इसको प्रौसीडिंग्ज में से निकाल दिया जाए। (व्यवधान)

श्रीमती सुशमा स्वराज: आप मुझे कम्लीप तो करने दीजिए। (व्यवधान)

Mr. Chairman: Please take your seat. I am on my legs. This is not point of Order.

(इस समय बहुत से मैम्बर बोलने के लिये खड़े हो गए) (व्यवधान एवं शोर)

श्रीमती सुशमा स्वराज: वधवा साहब, आप सुनते तो है नहीं, वैसे ही कहने लग जाते हैं। (व्यवधान)

Mr. Chairman: Let me reply to earlier point of order first and then you can speak. You are not permitted to speak.

चौ. उदय सिंह दलाल: चैयरमैन साहब, सवाल बिल के ऊपर बोलने का नहीं है, चाहे कुछ भी बोलें, लेकिन यह कहना कि मैम्बर नहीं आयेंगे यह ठीक नहीं, ये मैम्बर तो मैम्बर बन कर जायेंगे लेकिन यह (सुशमा स्वराज) कभी नहीं आयेंगी। (व्यवधान)

श्री सभापति: उसने शायद यह कहा ही नहीं। (व्यवधान)

चौ. गंगा राम: आन ए प्वायंट आफ आर्डर .....

Mr. Chairman: Let me reply to earlier point of order first please. (Interruptions)

चौ. गंगा राम: आन ए प्वायंट आफर आर्डर .....

Mr. Chairman: After I have replied to the first point of order, you can speak. I have not yet replied to the point of order raised earlier.

चौ. गंगा राम: आन ए प्वायंट आफर आर्डर .....

Mr. Chairman: I have yet to reply. Please take your seat. (Interruptions) दलाल साहब ने कहा कि जब सुशमा स्वराज बोल रही थी तो उन्होंने यह कहा कि ये मैम्बर साहब वापिस नहीं आयेंगे, परन्तु मैं समझता हूं कि उन्होंने यह कहा था कि जिस वक्त यह बिल पहली दफा असैम्बली में पेश किया गया था उस वक्त हम लोगों की आगुमैन्ट फील्ड में यह थी कि वे मैम्बर्ज अपनी पेशबन्दी कर रहे हैं। आज के सदन के बारे में शायद यह नहीं कहा गया। यह प्रोसीडिंग्ज से देखा जाएगा। अगर ऐसा कहा है तो I do not think there is anything which deserves expunction.

राव बीरेन्द्र सिंह: चैयरमैन साहब, सुशमा जी ने यह कहा है कि शायद इनको डर है कि ये न आएं और दलाल साहब ने कहा कि शायद इनको यह डर है कि ये न आएं भगवान करे

इनकी बात सच्ची हो और ये दोनों ही न आएं (हंसी) अब इस कंट्रोवर्सी को खत्म कीजिए।

श्री सभापति: ठीक है यह तो आपके इंट्रैक्ट में है। (हंसी)

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब, मैं क्या कहूं? इस सारे हंगामे के बाद मुझे तो यह कहने को जी करता है–

यह बात सारे फसाने में जिसका जिक्र नहीं,

वह बात इन्हें नागवार गुजरी। (प्रशंसा)

चेयरमैन साहब, आपने बिल्कुल सही समझा। मैंने कहा था (विघ्न) कि जिस वक्त कांग्रेस सरकार यह बिल लाई थी हम लोग जहां भी थे, जिस भी स्थान पर थे

Ch. Ganga Ram: On a point of order .....(Interruptions)

Mr. Chairman: There is a point of order from Ch. Ganga Ram. Let him speak.

चौ. गंगा राम: चेयरमैन साहब, मैं बहिन जी से केवल एक बात कहना चाहूंगा। (विघ्न)

श्री सभापति: आप अपना प्वायंट आफ आर्डर कहिए। (विघ्न)

चौ. गंगा राम: चेयरमैन साहब, मैं आपकी मार्फत यह कहना चाहता हूं कि इस समय यहां जितने भी मैम्बर्ज बैठे हैं ये व्यक्ति हैं जिन्होंने चार साल तक जेलें काटी हैं और 19 महीने मीसा में रहे हैं और यह वह समय था जिस समय इनको आने जाने में कोई दिक्कत नहीं थी। (विघ्न) चेयरमैन साहब, जिस वक्त हम जेल में बैठे हुए इसका विरोध किया करते थे उस समय बहिन जी पता नहीं * * * * (हंसी एवं शोर) जेल में तो थी नहीं। (शोर)

Mr. Chairman: This is not a point of order.

Smt. Sushma Swaraj: Chairmna sahib, there words should be expunged * * * * (Interruptions) * * * * गंगा राम जी यहां हम किसी के राजनीतिक कैरियर का हिसाब–किताब नहीं गला रहे हैं। (शोर)

Mr. Chairman: The words Gude-Gudia spoken by Ch. Ganga Ram should be expunged. (Interruptions)

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब * * * *

Development and Panchayat Minister (Sh. Lachhman Singh): On a point of order ..... (Interruptions)

Mr. Chairman: There is point of order by Sh. Lachhman Singh.

श्री लछमन सिंह: चेयरमैन साहब, हाउस के कोई नार्मज हैं। (विघ्न) आपने तो बिल्कुल फ्री स्टाइल कर दिया है। (विघ्न)

Mr. Chairman: Please go to your seat first and than address the House.

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब, मुझे गंगा राम जी के रिमार्क्स पर एतराज है। वे यह कहते हैं कि जिस वक्त वे जेल में थे उस वक्त मैं * * * *

Mr. Chairman: Sushmaji, there words have been expunged. Please do not refer to them again.

श्रीमती सुशमा स्वराज: गंगा राम जी को इस बात का ध्यान होना चाहिए कि जिस वक्त वे जेल में थे उस वक्त मैं भी जेल में * * * *(शोर)

Mr. Chairman: There should be no controversy now. (Interruptions)

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब, आप मुझे इस पर बोलने दीजिए। इन फिजूल के प्वायंट आफ आर्डर्ज का आप फिक्र मत कीजिए। (विघ्न एवं शोर)

Mr. Chairman: Sushmaji please take your seat. (Interruptions).....Please take your seat. If I permit you then you speak. (Interruptions)..... Please take your seat now (Interruptions). आपको सुन नहीं रहा था। दलाल साहब ने सुन लिया और उनको मैंने बैठा दिया। (विघ्न) सुशमा जी अब आप बोलिए।

श्रीमती सुशमा स्वराज: न मालूम बीच में क्यों हंगामा हो गया। छोटी सी बात इनको नागवार लग गई। मैं कह रही थी कि उस सारे विरोध को मदेनजर रखते हुए मुझे यह अपेक्षा थी कि आज हमारी सरकार एक ऐसा बिल लाएगी जिससे कांग्रेस सरकार का लाया हुआ वह बिल भी समाप्त हो जाएगा लेकिन हुआ उसके बिल्कुल उलट। एक ऐसा बिल लाया गया जिसमें बजाय हरियाणा विधान सभा के सदस्यों को पैन्शन देने के और भी कई लोगों का प्रावधान कर दिया गया। मैं इस चीज के विरुद्ध नहीं हूं कि हरियाणा विधान सभा के मैम्बरों को पैन्शन मिले और बाकी लोगों को पैन्शन न मिले। चेयरमैन साहब, मेरा विरोध तो इस पूर्ण बिल से है। क्यों? इसका एक इम्पोर्टैंट कारण है। मैं एम.एल.ए. की जौब को पैन्शनेबल जौब नहीं समझती। चेयरमैन साहब, आपको मालूम है कि गवनमैंट कर्मचारी को सरकारी अधिकारियों को, सेवादारों को पैन्शन मिलती है। 20–20, 25–25 वर्श के लोग सरकारी नौकरी करते हैं और अगर एक दिन भी निर्धारित अवधि से कम रह जाए तो उन्हें पेन्शन का हकदार नहीं समझा जाता या उनकी पैन्शन कम कर ली जाती है लेकिन यहां हम लोग हैं जो अपने लिये इस तरह का प्रावधान कर रहें हैं। इसमें और उनमें केवल मात्र फर्क इतना है कि वे लोग अपनी चीज के लिये, अपनी मांग मंगवाने के लिये, अपना भत्ता बढ़वाने के लिये, वेतन और पैन्शन आदि बढ़वाने के लिये विधान सभा के बाहर धरना देते हैं और हम लोग इस हैसियत में हैं कि स्वयं अपने आपको दे सकते हैं। उस हैसियत का नाजायज फायदा उठाकर के आज हम यह

बिल विधान सभा में लाए हैं। (शोर) क्या अब समय नहीं था इस बात को देखने का कि अगर * * * * एक वर्श, दो वर्श, तीन वर्श या पांच वर्श के लिये तो आगे आने वाले समय के लिये ..... (विघ्न एवं शोर)..... (इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिये खड़े हुए)

Ch. Jagjit Singh Pohloo: On a point of order .....

Mr. Chairmna: There is a point of order by Mr. Pohloo .....(Interruptions) Please take your seat.

चौ. जगजीत सिंह पोहलू: चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि .....

Mr. Chairman: Please take your seat. Mr. Pohloo is on a point of order ..... (Interruptions) ..... Please take your seat .....

चौ. जगजीत सिंह पोहलू: चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि * * * * हम तो बड़ी जेलें काट कर अपनी ताकत से बन कर आए हैं। (प्रशंसा) इन्होंने कोई तकलीफ नहीं भुगती बल्कि आराम से दिल्ली में ऐश की (शोर) * * * * (शोर)

श्री सभापति: इस गलती से बनकर आने वाली बात को ऐक्सपंज कर दिया जाए। (शोर)

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब, आप मुझे अपने प्वायंट की इलैबोरेट तो करने दीजिए। (शोर)

चौ. गंगा राम: चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफर आर्डर है .....(शोर)

Mr. Chairman: Please take your seat. There is a point of order by Ch. Ganga Ram ..... (Interruptions)

चौ. गंगा राम: चेयरमैन साहब, मैं केवल एक बात कहना चाहता हूं। बहिन सुशमा स्वराज ने यहां पर एक बात कही कि जिस टाईम * * * * । मैं इस बात को चैलेन्ज करता हूं क्योंकि * * * *। (शोर)

Mr. Chairman: This is not a point of order. It is an irrelevant question. No point of order ..... (Interruptions). Please take your seat.

श्रीमती सुशमा स्वराज: मैं चैलेन्ज को स्वीकार करती हूं। (शोर)

मास्टर शिव प्रसाद: ये हाई कोर्ट में प्रेक्टिस करती रही हैं। (विघ्न)

एक आवाज: इस केस की फाईल उठा कर तो देखें।

Mr. Chairman: All these objections are irrelevant. Do not discuss what anybody else was doing at that time. Please do not discuss that.

चौ. बीरेन्द्र सिंह: चेयरमैन साहब, आदरणीय सुशमा जी ने कहा कि .... * * * * लेकिन मेरे दूसरे साथी चौ. गंगा राम जी

इस बात को चैलेंज करते हैं। इस मामले में एक की स्टेटमैंट गलत है। They want to mislead the House. I want that the matter should be referred to the Privilege Committee.

श्री सभपति: यहां कोई भी आदमी किसी भी डिगनिटरी का नाम, चाहे वह सैन्टर का मिनिस्टर हो या गर्वनर आदि हो, किसी भी प्वायंट आफ आर्डर में या बहस में घसीटने की कोशिश न करें। (विघ्न) and if somebody has used any name, those names should be deleted.

Smt. Sushma Swaraj: Chairman Sahib, on a point of personal explanation .....(विघ्न)

Ch. Birender Singh: On a point of order. Smt. Sushma Swaraj and Ch. Ganga rAm have given different statements.

Mr. Chairman: They have differed on a point which should not have been discussed. Both the discussions have been deleted and now there is no question of point of order..... (Interruptions).....

कामरेड शंकर लाल: चेयरमैन साहब, मुझे इस बिल पर दो मिनट बोलना है।

श्री सभापति: जब सुशमा जी अपनी बात खत्म कर लेंगी तो आपको टाईम मिल जाएगा। (विघ्न)

चौ. राम लाल वधवा: चेयरमैन साहब, आप इन्हें कहें कि यदि वे बिल पर ही बोलें तो ठीक रहेगा। (विघ्न)

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब, मैं आन ए प्वायंट आफर पर्सनल ऐक्सप्लेनेश्न पर हूं।

Mr. Chairman: I would request all the members to avoid recrimination. Only the person who acts, he knows it best and others are telling it.

श्रीमती सुशमा स्वराज: * * * * तब वकालत नामा माना जाएगा। (विघ्न) मरेा वकालत नामा ऐसे नहीं जाएगा।

Mr. Chairman: This is not permitted to anybody, so I will request you all to please take your seats. (Interruptions.)

चौ. संत कंवर: चेयरमैंन साहब, मेरा एक प्वायंट आफर आर्डर है। जो लोग जेल काट कर नहीं आए उनको यहां नहीं बोलने दिया जाएगा। गलत आदमियों को हीरो नहीं बनने देंगे। (शोर)

श्रीमती सुशमा स्वराज: यह सारे का सारा हंगामा चेयरमैन साहब, उस गलत शब्द पर हुआ है जिसके बारे में मुझे पूरा प्वायंट इलैबोरेट नहीं करने दिया गया। मेरा अभिप्राय तो इतना था कि आप जानते है बहुत से लोग .....

श्री सभापति: आने बीस मिनट के लिये हैं। अब आप वाइन्ड–अप कीजिए।

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब, मुझे अपनी बात को वाइन्ड–अप तो करने दीजिए क्योंकि इस पर इतना हंगामा हुआ है। चेयरमैन साहब, मेरे कहने का अभिप्राय केवल इतना है ... .(शोर) आप जानते हैं कि बहुत से लोग .....(शोर).....

श्री सभापति: आप वाइंड–अप कीजिए आपको बोलते हुए बीस मिनट से ऊपर हो गये हैं .....(शोर).....

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब, मुझे वाइंड–अप तो करने दीजिए .....(शोर).....

श्री शमशेर सिंह: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। चेयरमैन साहब, अभी चौ. बीरेन्द्र सिंह जी ने प्वायंट आफ आर्डर उठाया और उन्होंने आपकी रूलिंग चाही कि दो मैम्बरों ने मिस–लीडिंग स्टेटमैंट दी है। अब दोनों में किसी भी एक की स्टेटमैंट मिस–लीडिंग हो सकती है। बार बार एक दूसरे को चेलैन्ज किया गया है। चेयरमैन साहब, हाउस का प्रैसीडैन्ट भी है, मिस्टर सुरेन्द्र सिह के ब्यान पर मामला प्रिविलेज कमेटी को रेफर किया गया था। उस वक्त यह कहा गया था कि यह झूठा ब्यान है, मिस–लीडिंग है। तो यह केस भी बिलकुल एक्सट्रीम स्टेज पर है। Both the parties have challenged and counter-chanllenged. वह कहते हैं कि उसका ब्यान गलत है और वे कहती हैं कि उसका ब्यान गलत है इसलिये यह फिट केस है जोकि प्रिविलेज कमेटी में जाना चाहिए। अगर यह केस प्रिविलेज कमेटी में नहीं जाता है तो

डिसक्रिमिनेशन होगी। एक कांग्रेस (आई) के मैम्बर के खिलाफ तो प्रिविलेज कमेटी में केस दे दिया जाता है और दूसरे मैम्बरों के खिलाफ नहीं दिया जाता है। ऐसा नहीं होना चाहिए (शोर)

चौ. राम लाल वधवा: चेयरमैन साहब, ये रिमार्क्स तो आपने एक्सपंज करवा दिये है। (विघ्न)

श्री सभापति: इसका बेस ही एक्सपंज हो गया है और वह प्रोसिडिंग्ज का पार्ट नहीं रहा।

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब, मैं तो खुद चाहती हूं कि आप इस मामले को प्रिविलेज कमेटी में ले जाइये।

श्री सभापति: यह एक्सपंज हो चुका है। Sushma ji please try to wind up your speech .....(Interruptions). Please take your seats.

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन सहाब, इतना हंगामा होने के बाद मैं कैसे वाइंड–अप कर सकती हूं। अगर विरोधी पक्ष के लोग इस चीज को उठा रहे हैं तो मैं अपने आप खुद आफर करती हूं कि आप इस मामले को प्रिविलेज कमेटी में ले जाइये। –(शोर)– मैं कह रही थी कि हम लोगों को सन् 1946 से लेकर आजतक सब लोगों को पैन्शन मिलेगी। गलती वाली बात, उन लोगों के लिये थी जो जनता द्वारा रिजैक्ट कर दिये गये हैं। उन पर कमीशन बैठे हुए हैं, उनके खिलाफ आरोप लगाये गये हैं। वे लोग भी इस बिल के तहत सारे के सारे हरियाणा राज्य के कोश

पर हमेशा के लिये बोझ बनेंगे। पांच सौ रूपया महीना वे हरियाणा सरकार से वसूल करेंगे। गलती की बात जो कही थी वह यह थी जिसके लिये इतना हंगामा खड़ा कर दिया। आज इसके फाइनेन्शियल मेमोरेन्डम में यह लिखा है .....

Ch. Birinder Singh: On a point of order. मैं यह बात कहता हूं कि सन् 1946 से 1977 तक जो विधान सभा के सदस्य बने थे कैसे गलती से बने, और ये कैसे बगैर गलती के बन सकते हैं।

श्री सभापति: न तो ये गलती से बने हैं और न ही वे गलती से बने थे। You all are duly elected.

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब, इसके फाइनेन्शियल मेमोरैन्डम में लिखा है कि अगर यह बिल पास हो जाता है तो तीन लाख और 12 हजार रूपये का घाटा प्रति वर्श बजट में पड़ेगा। यह बड़ी शर्म की बात है कि हम एक एक पैसा सड़कों के निर्माण के लिये और डिवैल्पमैंट के कामों के लिये देते हुए तो आर्गुमैंट लेते हैं कि हमारे पास फन्डज की कमी है लेकिन आप उस फन्ड की कमी का कोई ध्यान नहीं रखा गया है जब कि हरियाणा के राज्यकोश पर तीन लाख और 12 हजार रूपये का प्रति वर्श भार डाला जा रहा है। यह सब इसलिये किया जा रहा है कि हम इस हैसियत में हैं कि अपने आपको पैसा दे सकते हैं। मैं इसका बिल्कुल सख्त विरोध करती हूं।

चौ. राम लाल वधवा: चेयरमैन साहब, मेरा सुझाव है कि अगर हाउस स्वीकर कर लेता तो मैं अमेंडमैंट ला देता हूं कि जो पैन्शन न लेना चाहें वे नहीं लें।

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब मैं यह एलान करती हूं ....शोर .....चेयरमैन साहब, इस वक्त पालियामैंट्री अफेयर्ज मिनिस्टर को अमेंडमैंट लाने की जरूरत नहीं है (शोर)

चौ. लाल सिंह: इस बिल में तबदीली लायी जाये कि जो पैन्शन न लेना चाहे वह न ले।

श्री सभापति: यह बात पहले ही कही जा चुकी है। आप इसे रिपीट न करें।

श्रीमती सुशमा स्वराज: चेयरमैन साहब, अभी मिनिस्टर महोदय ने यह कहा कि अमैंडमैंट ला देता हूं। मैं उनकी इन्फर्मेशन के लिये बताऊं कि उन्हें अमेंडमैंट लाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें आलरेडी प्रोविजन है कि जो कलेम करेगा उसको मिलेगी। कोई हमारे घर पर नहीं भेजेगा। अगर हम कलेम करेंगे तो हमें पैन्शन मिलेगी वरना नहीं मिलेगी। मैं यहां सदन में एलान करती हूं इस तरमीम से पहले, यदि यह विधेयक आज पारित भी हो जाता है तो मैं इस पैन्शन की अधिकारी होने के बावजूद भी ता–जिन्दगी कभी इस पैन्शन को वसूल नहीं करूंगी। मेरा यह विरोध कोई कागजी विरोध नहीं मैं वास्तव में इस बिल का विरोध करती हूं।

चौ. राम लाल वधवा: चेयरमैन साहब, इमसें कोई खास बात नहीं है कि जो मेम्बर पैन्शन न लेना चाहें वे न लें। वे लिख कर दे दें। –शोर–

श्री भले राम: आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। जो लोग पेन्शन नहीं लेना चाहते हैं वे अपना नाम लें दे और हाथ खड़ा कर दें –शोर–

श्री सभापति: जिन्होंने नहीं लेनी उन्होंने एलान कर दिया है। आपको कोई खतरा नहीं है। आप अपनी सीट ले लीजिए।

कामरेड शंकर लाल (सिरसा): आदरणीय चेयरमैन साहब, इस बिल पर बहुत हंगामा खड़ा हो गया है। आज सुशमा जी ने ऐसी बात कही जो कुछ मेम्बर साहेबान का खराब मालूम हुई। उन्होंने अपनी भावनाओं के मुताबिक जनता पार्टी की सरकार और देश की भलाई की बात कही है। मैं आपके जरिये सरकार से पूछना चाहता हूं कि ये पैन्शन, कारों का लोन और बिल्डिंग लोन मैम्बरों को क्यों दिया जा रहा है।

श्री सभापति: कारों और बिल्डिंगों का कोई लोन नही दिया जा रहा है।

कामरेड शंकर लाल: चेयरमैन साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि इस पैन्शन से हरियाणा सरकार के ऊपर बोझ पड़ेगा, सरकार पर बोझ पड़ेगा तो फिर जनता पर बोझ पड़ेगा।

हमें इस पैन्शन को नहीं लेना चाहिए। मैं अपने आप को भी आफर करता हूं कि इस पैन्शन को नहीं लूंगा। इस पेन्शन के लेने से लोग समझेंगे कि मैम्बर साहेबान जो असैम्बली में बैठे हैं वे अपने फायदे के लिये इस बिल को पास करवा रहे हैं। यह गलत बात है (शोर) आज हरियाणा में गरीब लोग तड़फ रहे हैं ओर नाजायज टैक्स उन लोगों पर लगा रहे हैं। फोर्थ क्लास के एम्पलाइज रहे है, रो रहे हैं और एम.एल.ए. लोग पैन्शन का बिल पास कर रहे हैं। इस किस्म का एम.एल.एज. को फायदा पहुंचाना गलत बात होगी। यह बात ठीक नहीं होगी। सुशमा जी ने जो कुछ भी कहा है मैं उसकी ताईद करता हूं। यह पैन्शन मैम्बरों को नहीं देनी चाहिए, उन्हें सादगी से रहना चाहिए वजीरों को भी ज्यादा खर्च घटाना चाहिए। खर्च घटायेंगे तो जनता के अन्दर आदर्श कायम होगा। जनता पार्टी की सरकार खुद अपने फायदे के लिये जो कुछ भी कर रही है यह गलत कर रही है। इसका मतलब यह हुआ कि खाओ और मौज उड़ाओं। मैं इसका विरोध करता हूं।

चौ. उदय सिंह दलाल (बादली): चेयरमैन साहब, पिछली सरकार ने जी गलत तरीके से बिल पास कर दिया था उसको दुरुस्त करके हमारी सरकार यह तरमीम लायी है। मैं इसके लिये अपनी सरकार का धन्यवाद करता हूं। चेयरमैन साहब, कुछ आदमी * * * * (शोर)

श्री सभापति: देखिए, कोई भी मैम्बर किसी दूसरे मैम्बर की स्पीच के बारे में परसनल एस्पर्शन कास्ट न करे। अगर

परसनल एस्पर्श कास्ट की गई तो that would not form a part of the record. किसी का नाम न लीजिए। Please do not cast any aspersions on another Member.

चौ. उदय सिंह दलाल: जो मैम्बर कई कमेटियों का सदस्य हो....

Mr. Chairman: Please take your seat. देखिए कोई मैम्बर किसी दूसरे मैम्बर पर परसनल एस्पर्शन कास्ट नहीं करेगा अगर सिकी मैम्बर पर परसनल एस्पर्शन कास्ट की गई है तो that would not form part of the record. You express your ideas. Do not say anything about any other hon. Member of this House. Every member is equally honourable.

चौ. उदय सिंह दलाल: इसलिये इस बिल को सरकार का लाने का जो असल मकसद था वह यह था कि कुछ मैम्बरों की माली हालत इस टाईप की होती है कि अगर वे मैम्बर न रहें, उनका कोई रोजगार का साधन न रहे और उनके बच्चो रोटी दाल के लिये तड़फते रहें तो उनका स्टैंडर्ड गिरता है। विधायक को लोग कहते हैं कि यह पहले एम.एल.ए. था अब इसके बच्चे सड़कों पर फिर रहे हैं। इस भावना को मन में रख कर सरकार यह बिल लायी है। इसलिये मैं यह चाहता हूं कि जो मैम्बर कहते हैं कि यह बिल गलत है, या जो यह चाहते हैं कि हम नहीं लेंगे, वे बेशक न लें। ऐसे मैम्बर भी होंगे जो सिर्फ मीटिंगों के टी.ए.डी.ए. का पता

नहीं कितना रूपया लेते हैं * * * * इसके लिये में एक तजवीज पेश करूंगा। (व्यवधान)

(इस समय श्रीमती सुशमा स्वराज कुछ कहने के लिये खड़ी हुई)

श्री सभापतिः सुशमा जी, आपके बारे में कोई कुछ नहीं कह रहा है, आप बैठिये।

चौ. उदय सिंह दलालः अगर कोई मैम्बर हरियाणा सरकार के लिये बोझ नहीं बनना चाहता तो बड़ी अच्छी बात है लेकिन बड़े दु:ख की बात है कि वे यहां पर गलत तौर पर बोल रहे हैं। अगर उनके मन में कोई कुर्बानी की बात है तो उनकी यह बात बड़ी सराहना के लायक है। वे अपना नाम दर्ज करायें कि वे आज के बाद न पैन्शन लेंगे, न टी.ए.डी.ए. लेंगे, और न ही अलाउन्स लेंगे और वे जनता की फ्री सेवा करेंगे। चेयरमैन साहब, आप उनसे या तो लिखवा कर ले लें या उनको खड़ा करके पूछ लें, हम सब उनका बहुत आदर करेंगे कि वे सरकार के खजाने से किसी किस्म का पैसा विदड्रा नही करेंगे। लेकिन * * * *। मैं इस बिल की ताईद करता हूं और पिछली सरकार ने इस बारे में जो गलती कर रखी थी, वह इस सरकार ने दुरूस्त कर दी है, इसके लिये मैं उसे बधाई देता हूं। अन्त में मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

स्वामी अग्निवेश (पुंडरी): आदरणीय चेयरमैन साहब, इस सदन के सामने जो बिल आज हमारे मंत्री महोदय ने प्रस्तुत किया है, मैं बड़े दु:ख के साथ इसका विरोध करने के लिये खड़ा हुआ हूं। मैं पूरी गम्भीरता के साथ यह अनुभव करता हूं कि हम यहां पर अपने बहुमत के आधार पर तो बेशक इसे पास करके चले जायें लेकिन जब हम लोगों के बीच में जायेंगे, अपने गरीब किसान मजदूर भाइयों के बीच में जायेंगे, जिनकी बदौलत हम आज यहां पर बैठे हुए हैं, अपने इस काम के बारे जब उनके दिलों की भावनाओं को जानने की कोशिश करेंगे, तो मुझे स्पश्ट रूप से दिखाई पड़ रहा है कि वह जनता जिसने हमें अपने कन्धों पर बिठा कर यहां पर भेजा था, वह इस बात का दु:ख महसूस करेगी कि इन लोगों ने वहां जाकर हमारी भलाई के लिये तो पता नहीं कुछ किया है या नहीं किया है लेकिन अपनी माली हालत सुधारने के लिये जरूर प्रबन्ध कर लिया है। आजतक हमने संसदीय प्रजातन्त्र के इतिहास में कही भी यह नहीं सुना था ....

चौ. जगजीत सिंह पोहलू: आन ए प्वायंट आफर आर्डर, सर। चेयरमैन साहब स्वामी जी बहुत अच्छे आदमी हैं। इसका अपना घर–बार नहीं हैं। अपनी कोठड़ी पर तो इन्होंने ताला भेड़ रखा है .....(हंसी एवं शोर)

श्री सभापति: आप प्वायंट आफ आर्डर कहिये।

चौ. जगजीत सिंह पोहलू: मेरा प्वायंट आफर आर्डर यह है कि अगर स्वामी जी सरकार से कुछ नहीं लेना चाहते तो फिर इन्होंने पहले जो पैट्रोल और कार सरकार से ले रखी थी, वह क्यों ली थी?

Mr. Chairman: Please take you seat. ऐसे है कि यह अलाउन्स है। टी.ए.डी.ए. तभी मिलता है जब मैम्बर्ज खुद उसको क्लेम करते हैं यानी लिखकर देते हैं। जिन भाइयों को यह मन्जूर नहीं है या जो मैम्बर यह नही लेना चाहते, वे इसे क्लेम न करें, उनको नहीं मिलेगा। इस बारे में कोई कन्ट्रोवर्सी नहीं होनी चाहिये। यह प्वायंट आफ डिबेट नहीं है। सरकार किसी को घर तो देने नहीं जाती। यह प्वायंट डिबेट के काबिल नहीं है, यह कोई डिबेट का प्वायंट नहीं है। अगर किसी के पास कोई दूसरा प्वायंट है, तो वह कह सकता है। यह तो पहले ही वालन्टरी है। Those who want, they will claim and take it. Those who do not want, they cannot and should not be forced. There is no compulsion about it in the Bill.

श्री लछमन सिंह: आन ए प्वायंट आफर आर्डर, सर। खाना तैयार है। .....(शोर)

श्री सभापति: यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है कि खाना तैयार है।

चौ. राम लाल वधवा: चेयरमैन साहब, जैसे आपने कहा इसमें डिबेट वाली कोई बात नहीं है। बार–बार यहां पर हाउस में

एक बात कही गयी है कि जो मैम्बर लेना चाहे ले और जो न लेना चाहे वह न ले। फिर यह बिल अभी सदन के सामने पेश है। अभी मैम्बर्ज ने इसको पास करना है। आप मैम्बर्ज से पूछ लीजिये अगर वह इसको पास करते हैं तो ठीक है, नहीं तो न सही।

श्री सभापति: अग्निवेश जी, आप वाइन्ड–अप कीजिये।

स्वामी अग्निवेश: चेयरमैन साहब, इस बिल के पीछे जो भावना है, मैं उसका विरोध करने के लिये खड़ा हुआ हूं। जनता ने हमें इसलिये चुनकर भेजा है कि यहां पहुंच कर हम अच्छे–अच्छे विधान बनायें। विभान सभा का दसस्य बनना, कभी भी अपनी माली हालत सुधारने का जरिया नहीं हुआ करता। यदि हम यह समझते हैं कि हमें यहां पर आकर यह हमारे लिये बड़ी शर्म * * * * तो यह हमारे लिये बड़ी शर्म की बात है।

श्री सभापति: स्वामी जी, आप वह लैग्वेज इस्तेमाल कीजिये जो सदन में इस्तेमाल होती रही है। आप इतने पढ़े–लिखे आदमी होकर ऐसी जबान इस्तेमाल कर रहे है जो आपकी ही शान में शोभा नहीं देती। यह पैसा बटोरने वाली बात एकसपंज की जाये।

चौ. उदय सिंह दलाल: * * * *

Mr. Chairman: It has already been expunged. I have said the same thing. Please take your seat.

चौ. संत कंवर: * * * * ....(व्यवधान).... हम लोगों से रोटी मांग कर नहीं खा सकते .....(व्यवधान व शोर)

श्री सभापति: आप बैठिए। आपकी सभी बातें मानी जा चुकी हैं।

स्वामी अग्निवेश: चेयरमैन साहब, जनता पार्टी की सरकार जब बनी थी तो कुछ आदर्शों को लेकर बनी थी। जिन आदर्शों की महात्मा गांधी जी ने कल्पना की थी उनको लेकर के बनी थी। .....

Sh. Shamsher Singh: On a point of order.

Mr. Chairman: There have already been enough points of Order. You wnat to add on more.

Sh. Shamsher Singh: I have a different point of Order.

Mr. Chairman: Would it really be a different point of Order?

Sh. Shamsher Singh: Yes.

Mr. Chairman: There is some real point of Order. Please take your seat.

श्री शमशेर सिंह: चेयरमैन साहब, दलाल साहब ने बीच में ही बोलते हुए यह फरमाया था कि वे * * * *। मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या वह शब्द एक्सपंज कर दिये गये हैं या अभी

रिकार्ड पर ही हैं? ये अनपार्लियामेंटरी शब्द हैं और यहां पर बोले गये हैं .....

Mr. Chairman: It was never made with the permission of the Chair and whatever has not been made with the permission of the Chair will not be recorded.

स्वामी अग्निवेश: सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि हम इस बिल को पास करके चले जायेंगे। ऐसा मुझे लगता है क्योंकि हाउस का मूड कुछ ऐसा चल रहा है जिसके हिसाब से यह इस बिल को पास करवा लेंगे। लेकिन मैं स्पश्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि जनता सरकार के इतिहास में यदि यह बिल आज पास होता है कि यह दिन सबसे अधिक शर्मनाम दिन माना जायेगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि जिन भावनाओं को लेकर हमारे संसद सदस्यों ने राजघाट पर शपथ ली थी, हम भी उन्ही आदर्शो का पालन करने की शपथ लेकर विधान सभा में आये थे। हम यह चाहते है कि हम लोग उन आदर्शो के खिलाफ आचरण न करें। न ही मैं इस बात को व्यक्तिगत रूप से लूंगा और मेरा विचार है कि ने ही कोई अन्य माननीय सदस्य इसे व्यक्तिगत रूप में लेगा लेकिन सारी पार्टी के बारे में और सारे सदस्यों के बारे में जनता की क्या राय बनेगी यह आप सोच लीजिये। दूसरी बात मैं विशेश रूप से कहना चाहता हूं जिसकी ओर बहिन सुशमा जी ने भी ध्यान आकर्शित किया। इस बिल के माध्यम से हम उन तमाम लोगों को वह आर्थिक सुविधा देने जा रहे हैं, जिनको आज शाह आयोग ने या दूसरे किसी आयोग न क्रिमीनल करार दिया

है। जिनको जधन्य अपराधी करार दिया है, जिन लोगों को लोग जेल की सींखचों के पीछे देखना चाहेंगे और जिनके हाथों में हथकड़ियां होंगी, वे लोग भी इस बिल के तहत इस सारी सुविधाओं का लाभ उठायेंगे। मैं यह पूछना चाहता हूं कि आखिर हम करना क्या चाहते है? जनता ने हमको 5 साल के लिये चुनकर भेजा है। अगर हम यहां आकर ठीक से काम करेंगे तो दुबारा भी वे हमें चुनेगे। 5 साल में से अभी हमने एक साल भी काम नहीं किया कि हमने आते ही पहले दिन, अपने लिये पैन्शनों का प्रबन्ध करना शुरू कर दिया। यह कोई अच्छी बात नहीं है। आप संख्या के ऊपर न जाइये कि एक या दो आदमी विरोध कर रहे हैं। यहां पर गिनती का सवाल नहीं है यहां पर तो स्पिरिट का सवाल है।

श्री सभापतिः स्वामी जी, अब काफी डिस्कशन हो चुकी है। अब आप समाप्त कीजिए, आप वाईन्ड–अप कीजिए।

स्वामी अग्निवेशः मैं अपनी बात को खत्म करने हुए यही कहना चाहात हूं कि आप इस बारे में फिर से गौर कर लीजिए। चेयरमैन साहब, मैं एक बात कहकर खत्म करना चाहता हूं कि अगर हम इसी प्रकार करते चले जाएंगे तो आम आदमी यह सोचेगा कि अंधा बांटे रेवड़ी अपने अपने को दे। हमारे हाथ में अधिकार है। विधायक या विधान मंडल एक ऐसी संस्था है जो देने वाली भी है ओर लेने वाली भी है। हम ही देने वाले हैं और हम ही लेने वाले हैं। तीन सौ से पांच सौ किए और पाचं सौ से पांच हजार हो जाएंगे लेकिन आखिर में फैसला जनता की अदालत में

होगा। उस भय को ध्यान में रखते हुए, उस भय को सामने रखते हुए मैं माननीय सदस्य से प्रार्थना करूंगा कि आज इसको पास न करें। आज यह इंट्रोडयूस हो गया है। अगले सत्र में इस पर चर्चा कर लेंगे और उस समय यह पास हो जाएगा। उस वक्त तक जनता के विचार भी आपके सामने आ जाएंगे और तक आप दसको पास कर लेना (शोर)।

श्री भले राम: चेयरमैन साहब, स्वामी जी ने कुछ एतराज की बात कही कि विधायकों को पैन्शन नहीं लेनी चाहिये लेकिन इनको कहने से पहले यह सोच लेना चाहिये कि मैं क्या बात कर रहा हूं। यह एक ठेकेदार की कार में जाते हैं और हम तीन सौ रूपए लेकर रिक्शा में जाते हैं (शोर)

स्वामी अग्निवेश: चेयरमैन साहब, मैं कहना चाहता हूं कि मैं आज तक किसी ठेकेदार की गाड़ी में नहीं चला हूं। यह बिल्कुल साफ बात है (शोर)।

Mr. Chairman: Please do not make a controversial statement about another Member. That is not permitted.

श्री मूल चन्द जैन (सम्भालका): चैयरमैनसा साहब, यह जो बिल हाउस में आया है, मुझे आश्यर्य है कि इस पर इतनी कंट्रोवर्सी क्यों हो गई है। इस बारे में पहले से एक कानून पास था लेकिन उसमें कुछ खामियां रह गई थीं और उन खामियों को दूर करने के लिये यह अमैंडिंग बिल लाया गया है। इस तरह का एक बिल लोकसभा ने भी पास किया है और उसके अनुसार

पार्लियामैन्ट के मैम्बरों को पैन्शन मिलेगी। हम यहां जो बिल पास कर रहे हैं उसमें यह है कि अगर कोई सदस्य विधान सभा का सदस्य न रहे और वह पैन्शन लेना चाहे तो उसको दरखास्त देन पड़ती है और उसके अन्दर जो लिखा हुआ है वे सारी शर्तें पूरी करनी पड़ेगी। जो भाई पेन्शन न लेना चाहें वे न लें। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं कि देना चाहता हूं कि जैसे भारत सरकार ने फ्रीडम फाइटर्ज के लिये पेन्शन दी। उसमें एक शर्त यह है कि जो पांच सौ रूपए महीना कमाता है वह पेन्शन का अधिकारी नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि कितने लोग है जो फ्रीडम फाइटर्ज की पेन्शन नहीं ले रहे हैं हालांकि वे पांच सौ रूपए से कम कमा रहे हैं। बहुत सारे लोग हैं जो यह पेन्शन नहीं ले रहे हैं। हिसार में फ्रीडम फाइटर्ज को सरकार ने जमीन दी लेकिन बहुतों ने वह नहीं ली। इसमें भी यही है कि जो लोग नहीं लेना चाहें वे न लें लेकिन यह बिल जरूरी है। अभी हमारे एक साथी श्री अयोध्या प्रसाद की मृत्यु हो गई। कुदरती तौर पर हमने यहां पर उनके लिए शोक प्रस्ताव पास किया लेकिन इसी हाउस में गालिबन स्वामी जी ने, मुझे ठीक याद नहीं है, यह आवाज उठाई कि उनकी माली हालत ऐसी है कि उसको देखते हुए उनके परिवार के लिये फाइनैन्शिल हैल्प होनी चाहिये। मुझे खुशी है कि उनके परिवार को दस हजार रूपये की हैल्प की घोशणा सी.एम. द्वारा कर दी गई। स्वामी जी से आमतौर पर मैं सहमत होता हूं लेकिन मुझे अफसोस है कि इस मामले में मुझे इनसे मतभेद रखना पड़ा है। यह बिल इसलिये नहीं है कि एम.एल.एज. इसमें कुछ

लेना चाहते है। या उनका हलवा मांड़ा बनेगा। चेयरमैन साहब, तीन लाख रूपया एक साल में इस मद में खर्च होगा। तीन लाख का मतलब है कि पच्चीस हजार रूपया एक महीने में हुआ। पांच सौ रूपया ज्यादा से ज्यादा किसी को पेन्शन मिल सकती है इसके मायने हुए कि एक वक्त में पचास आदमी पेन्शन ले सकेंगे। मेरा अन्दाजा है कि दस–बीस आदमी ही ऐसे हो सकते हैं जो पेन्शन लेंगे। इस प्रकार से तीन लाख के बजाए एक लाख या डेढ़ लाख में काम हो जाएगा। मैं स्वामी अग्निवेश और बहिन सुशमा से अपील करूंगा कि इसका विरोध न करे। यह बिल उनके लिए है जिनकी माली हालत कमजोर है, यह उन लोगों की हैल्प होगी।

स्थानीय शासन मंत्री (चौ. राम लाल वधवा): चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा हाउस को बताना चाहता हूं कि जैसे जैसे साहब ने बताया कि सरकार कोई नया बिल नही लाई है। यह बिल पहले ही पास हो चुका है और पार्लियामैन्ट में भी इसी किस्म का एक बिल पास हुआ है। पहले वाले बिल में कुछ लकूना रह गया था, अब उसको दूर किया जा रहा है। पहले यह था कि चार साल के बाद विधान सभा भंग हो गई ओर एक आदमी चार साल तक सदस्य रहा तो वह पैन्शन नहीं ले सकता था क्योंकि पांच साल तक सदस्य रहने के बाद ही पैन्शन का ऐनटाइटल होता था। इसी प्रकार के जो छोटे–मोटे लकूने थे वे ठीक करके अमेन्डिंग बिल आपके सामने रखा है। लेकिन सारी बहस सुनने के बाद मैं बात कहना चाहता हूं कि यह जो कहा जा रहा है कि एक दफा

जो चुनकर आ गया वह पैन्शन का ऐन्टाइटल हो गया यह बात तो ठीक है लेकिन सवाल यह है कि जो मैम्बर बार–बार चुनकर आ जाएगा उसको पेन्शन नहीं मिलेगी। जब वह मैम्बर नहीं रहेगा तो उसको पैन्शन मिलेगी। अगर कोई मैम्बर दूसरी दफा चुनकर आ जायेगा तो उसको पैन्शन नहीं मिलेगी। चेयरमैन साहब, हम तो पचास बार चुनकर आंएगे (व्यवधान)।

श्री दीप चन्द भाटिया: चेयरमैन साहब, इन्होंने कहा है कि मैं पचास बार चुनकर आऊंगा। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि इनकी उम्र कितनी होगी? (व्यवधान)

Mr. Chairman: Question is –

That the Haryana Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Amendment Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Chairman: Now the House will take up the Bill clause by clause.

SUB-CLAUSE (2) OF CLUASE 1

Mr. Chairman: Question is –

That sub-clause (2) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLUASE 2

Mr. Chairman: Question is –

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

SUB-CLAUSE (1) OF CLUASE 1

Mr. Chairman: Question is –

That sub-clause (1) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

ENACTING FORMULA

Mr. Chairman: Question is –

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Chairman: Question is –

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Local Government Minister (Ch. Ram Lal Wadhwa): Sir, I beg to move –

That the Haryana Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Amendment Bill be passed.

Mr. Chairman: Motion moved –

That the Haryana Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Amendment Bill be passed.

14.00 बजे

कामरेड शंकर लाल: चेयरमैन साहब, इसके विरोध में मैं वाक आऊट करता हूं। मैम्बरों की कोई पेन्शन नहीं होनी चाहिये। (शोर एवं व्यवधान) (वास्तव में माननीय सदस्य ने वाक आउट नहीं किया)

स्वामी आदित्य वेश: चेयरेमैन साहब, पहले यह कानून था कि जो मैम्बर 5 वर्श के लिये रहेगा उसको पैन्शन दी जाएगी और अब सरकार इन कानून में एक नई प्रगति करना चाह रही है क्योंकि यह जनता की सरकार जनता की सेवक है और जनता की सेवा करना चाहती है। सरकार यह करना चाहती है कि जो आज शपथ ग्रहण कर लेगा, वह उसके पश्चात इस पेन्शन का मालिक

बन जायेगा। अभी–अभी मेरे माननीय साथी चौ. उदय सिंह दलाल कह रहे थे कि कई मैम्बर ऐसे हैं * * * * शायद उनको यह पता नहीं कि जब कभी भी देश के सामने कोई समस्या आई है तो वे ही लोग सबसे पहले .....(शोर एवं व्यवधान)

चौ. उदय सिंह दलाल: चेयरमैन साहब, * * * * –(शोर)–

स्वामी आदित्य वेश: चेयरमैन साहब, मेरा कहने का मतलब है .....(शोर).....

श्री सभापति: स्वामी जी आप बैठिये. Please take your seat and I request every-body to take his seat. (Interruptions) जो दूसरे मैम्बर साहेबान के बारे में किसी ने कोई रिमार्कस दिये हैं, वह एक्सपंज किये जाते हैं। स्वामी जी, आप बिल के मैरिटस पर कह लीजिए.....(शोर एवं व्यवधान).....

(इस समय बहुत से मैम्बर साहेबान बोलने के लिये खड़े हो गये।)

When I am on my legs, every body should take his seat.

मैं सभी मैम्बर साहेबान से यह रिक्वेस्ट करूंगा कि वे बिल के मैरिटस पर बोलें लेकिन they should not cast aspersion on any-body else in the House.

स्वामी आदित्यवेश: ठीक है जी चेयरमैन साहब, मेरा कहने का तात्पर्य यह है कि यह बिल भारतीय संविधान की अन्तर्आत्मा के प्रतिकूल है क्योंकि इस बिल में एक झलक आ रही है कि एक नागरिक से दूसरे नागरिक के प्रति डिसक्रिमीनेशन का व्यवहार किया जा रहा है। जितने भी यहां पर नागरिक हैं जो इस भारत भूमि पर पैदा हो चुके हैं, चाहे एक दिन के लिये, चाहे 10 दिन के लिये चाहे 10 साल के लिये, चाहे 50 साल के लिये और चाहे 100 साल के लिये, उन सबके साथ एक जैसा व्यवहार होना अनिवार्य है क्योंकि ऐसा न होना भारतीय संविधान की मूल धारा के प्रतिकूल है। अतः मैं इस बिल का विरोध करता हूं और इस सदन के पवित्र पटल पर यह एलान करता हूं कि मैं सारा जीवन कोई पैन्शन नहीं लूंगा।

चौ. राम लाल वधवा: चेयरमैन साहब, यहां पर कोई आनरेबल मैम्बर साहेबान ने 5 साल का प्रश्न उठाया है। मैं उन्हें यह निवेदन करना चाहूंगा कि अभी इस हाउस के अन्दर डिस्कशन के समय हमारे एक साथी श्री अयोध्या प्रसाद जी की बात आई थी, वे केवल डेढ़ साल इस हाउस के मैम्बर रहे हैं क्या आप मैम्बर साहेबान चाहेंगे कि जिस प्रकार की उनकी माली हालत है उसको देखते हुए उन्हें सहायता नहीं मिलनी चाहिये? यह बिल इसीलिये यहां पर लाया गया है कि जिससे ऐसे लोगों को पैन्शन मिल सके ओर उनके परिवार का पालन–पोशण हो सके जो सारा समय राजनीति में लगाते हैं।

Mr. Chairman: Any M.L.A. who takes over as an M.L.A. even for a day, he is an M.L.As. This is a Bill for M.L.As. So there is no discrimination. (Interruptions).

Question is –

That the Haryana Legislative Assembly (Allowances and Pension of Members) Amendment Bill be passed.

The motion was carried.

Mr. Chairman: Now I would request the Education Minister to move the next Bill.

A Member: Chairman Sahib on a point of order ..... (Interruptions).

Mr. Chairman: There is no business before the House. No point of order can be raised.

दि हरियाणा प्राईवेट कालेजिल (टेकिंग ओवर आफ मैनेजमैंट) बिल, 1978

शिक्षा मंत्री (श्री हीरा चन्द आर्य): चेयरमैन साहब, मैं हरियाणा प्राईवेट महा विद्यायल (प्रबन्ध ग्रहण) विधेयक 1978 प्रस्तुत करता हूं।

मैं यह भी निवेदन करता हूं कि इस बिल पर तुरन्त विचार किया जाए।

Mr. Chairman: Motion moved –

That the Haryana Private Colleges (Taking over of Management) Bill taken into consideration at once.

राव बीरेन्द्र सिंह (अटेली): चेयरमैन साहब, यह बिल पहले भी हाउस में पेश हो चुका है। पिछले बार जब सरकार ने यह बिल पेश किया था तो मैंने यह सुझाव दिया था कि ऐसी जल्दबाजी में कोई कानून न बनाओ कि जिसका फायदा न हो, बल्कि नुकसान ज्यादा हो। सरकार ने शायद अब कुछ निशाने बनाये हुए थे और कुछ जल्दी में थी। यह एतराज भी मैंने किया था कि कांस्टीच्यूशन की आर्टीकल 31 क तहत कोर्ट में ये बिल ठकर नहीं पायेगा लेकिन सरकार को ऐसी गलत सलाह मिली कि इस बात पर ध्यान नहीं दिया गया। प्रैजीडेन्ट साहब की कन्सैंट के लिये भी यह बिल नहीं रखा गया जबकि कांस्टीच्यूशन में यह साफ तोर पर प्रोवाइडिड था। आज फिर वही बिल हमारे सामने आया है। इस बिल में बहुत सी बातें हैं जिनसे यह साफ जाहिर होता है कि सरकार अपने मकसद में बिल्कुल कामयाब नहीं हो सकी। हिन्दुस्तान में 90 परसेन्ट कालेजिज तथा स्कूलज प्राईवेट हैं और केवल 10 परसेन्ट ऐजुकेशनज इंस्टीच्यूशन्ज सरकार के हाथ में हैं या यूनिवर्सिटयों के हाथ में है। अगर सरकार प्राईवेट कालेजिज में दखल देने की कोशिश करेगी तो एक नतीजा यह निकलेगा कि आगे के लिये लोग प्राईवेट कालेजिज खोलना बन्द कर दैंगें। चेयरमैन साहब, प्राईवेट कालेज चलाना कोई आसान काम नहीं है। इलाके के लोगों की सेवा के लिये लोग दान के तौर पर पैसा खर्च करते हैं। चेयरमैन साहब, आपने भी अपने नूंह में कालेज

खोला हैं जिस इलाके में कोई सरकाारी कालेज नहीं होगा तो लोगे भी वहां प्राईवेट कालेज खोलने की कोशिश करते हैं। अगर सरकारी कालेज हो तो प्राईवेट कालेज खोलने की किसे पड़ी है कि वह खोले, जनता इसक लिये क्यो पैसा देगी और क्यों लोग मेहनत करेंगे? आज सरकार एक इस तरीके का बिल लाई है जिससे कि ऐसे आदमी जोकि प्राइमरी पास भी नहीं हैं, जिन्होंने आज तक कालेज तक की शकल भी नहीं देखी है, जिन्होंने शायद चिड़ियों को कभी बाजरा भी ने फेंका हो, जिन्होंने शायद गर्मियों के दिनों में पियाऊ भी न लगाया हो, उन्हें इन इंस्टीटयून्ज का तीन साल के लिये मालिक बनाने जा रही है। सरकार के पास तो बहुत ओहदे हैं, बड़े–बड़े इंस्टीच्यूशंज और कार्पोरेशंज भी हैं। उनमें सरकार ने अपने लोगों को इस विधान सभा में से भी और बाहर से भी एकोमोडेट कर दिया है। उनकी तनखाहें हैं, उनके पास कारें हैं और चीजें भी हैं। तो सरकारी खजाने के ऊपर तो सरकार जो चाहे खेल खेल सकती है लेकिन कालेजों के मामले में तो सोच समझ कर चलने की जरूरत है। मैं तो यही सुझाव दूंगा। मुझे यह भी मालूम है कि सरकार इस सुझाव को मानने के लिये तैयार नहीं होगी क्योंकि इन्होंने तो यह अपना एक मकसद बनाया हुआ है। इस बिल में कोई प्रोवीजन नहीं कि अगर कोई कालेज ठीक नहीं चल रहा होगा और उसमे एडमिनिस्ट्रेटर मुकरर किया जाएगा तो उसका खर्चा कहां से चलेगा। आज हर शख्श जानता है कि प्राईवेट कालेज खसारे पर चलते हैं, डैफिसिट में चलते हैं। यहां पर डैफिसिट के लिये सरकार 45 प्रतिशत ग्रान्ट देती है

लेकिन सबसे जयादा 95 प्रतिशत ग्रान्अ हिन्दुस्तान में दिल्ली के कालेजों को मिलती है और बाकी 5 प्रतिशत खर्चा प्राईवेट मैनेजमैंट को करना पड़ता है जिसे वह पूरा नहीं कर पा रही है इसकी वजह से पीछे आपने पढ़ा होगा कि दयाल सिंह कालेज के इतने बड़े ट्रस्ट ने अपना कालेज सौंपने के लिये 5 साल तक सरकार की खुशामद की और आज जाकर सरकार ने वह कालेज लिया। इसी तरह से राम लाल आनन्द कालेज, दिल्ली, की मैनेजमैंट की तरफ से भी छः साल से कोशिश हो रही थी तब जाकर यूनिविर्सिटी ने वह कालेज लिया इसी तरह से हम राव तुला राम कालेज, दिल्ली में नहीं चला पा रहे हैं, उसके लिये भी हम कोशिश कर रहे हैं कि उसके सरकार या यूनिवर्सिटी ले ले लेकिन नहीं ले रहे हैं। आज उसकी हालत यह है कि हम उसका खर्चा पूरा नहीं कर पा रहे हैं। तो मैनेजमैंट कहां तक चन्दा ले करके डैफिसिट पूरा करें? इसी तरह से आपके स्कूल हैं। लोग बिल्डिंग देते हैं, जमीन देते हैं, फर्नीचर देते हैं और तीन साल की तनखाह देने के लिये भी तैयार होते हैं लेकिन बड़ी मुश्किल से सरकार किसी किसी स्कूल को अपनी तहबील में लेती है। बहुत से कालेज ऐसे हैं कि सरकार को उन्होंने रिक्वैस्ट की हुई है कि हमारा कालेज सरकार ले ले और सरकार उसे चलाए लेकिन उन कालेजों को सरकार नहीं ले रही है। सरकार तो उन कालेजों को लेगी जो सरकार की निगाह में चुभते हों। इसलिये इस तरीके से इंस्अीच्यूशंज में, एजुकेशन के अन्दर पोलिटिक्स को दाखल करना, कोई भलाई का काम नहीं होगा। सरकार ने यह कोई इन्तजाम

नहीं किया कि 45 प्रतिशत ग्रान्ट से अगर कालेज का खर्चा पूरा नहीं होगा तो बाकी खर्चा कहां से दिया जाएगा। यह मनी बिल तो नहीं है और सरकार को एक साल में डैफिसिट के लिये एक कालेज को लाखों रूपये देने पडेंगे। तो उससे कितना खर्चा बढ़ेगा? कहां से लाएंगे इतना पैसा? अगर पैसा नहीं दे पाएंगे तो वे कालेज बनद होंगे। तो अगर कालेज बन्द करने के लिये सकरार टेक–ओवर करती है तो बउ़े शौक से करे। बेहतर तो यह होता कि अगर किसी कालेज के इन्तजाम में खराबी है तो जैसे बहुत सी स्टेट गवर्नमैंटस ने कर रखा है या यूनिवर्सिटीज ने कर रखा है कि मैनेजमैंट कमेटी के अन्दर यूनिवर्सिटी दखल दें, उसमें ऊपर से कुछ और मैम्बर डाल दें। इसलिये यूनिवर्सिटी के सुपुर्द यह काम होना चाहिए कि वह उनकी देखभाल करे। सरकार ने एक्ट बनाने के लिये यह बिल आज यहां पर रख दिया है कि अगर यूनिवर्सिटी कोई खराबी देखे या अरदवाइज सरकार को पता लगे यानी कोई आदमी शिकायतें इकट्ठी करके ले आए कि इस कालेज का इंतजाम ठीक नहीं चल रहा है तो सरकार उस कालेज में अपना एडमिनिस्ट्रेटर बैठा देगी। इसका नतीजा क्या होगा कि तीन साल के लिये उस सारे कालेज की जायदाद का मालिक एक एडमिनिस्ट्रेटर हो जाएगा। लोगों ने जो 30–30, 40–40 और 50–50 सालों के अन्दर एक एक ईट इकट्ठी कर के दी है उस पर एडमिनिस्ट्रेटर का पूरा अख्तियार होगा। अब तीन साल के लिये टैम्पोरेरली एक एडमिनिस्ट्रेटर बैठे और वह तीन साल मैंनेजमैंट के पूरे अख्यितार हासिल करेगा जैसा कि इस बिल में

देने का इरादा है। तो अगर उन तीन सालों में वह सब कुछ बेच कर चला जाएगा तो उसका कोई क्या बिगाड़ लेगा। इस बिल के अन्दर यह कोई पाबन्दी नहीं है कि वह सिर्फ एजुकेशन इम्प्रूव करने की कोशिश करेगा, यह भी कोई पाबन्दी नहीं है कि वह यूनिवर्सिटी के कायदे कानून के मुताबिक कालेज का इन्तजाम करेगा। वह तो तीन साल के लिये कालेज की प्रोपर्टी का मालिक होगा। वह एक मैनेजमैंट और ट्रस्ट की तरह से होगा जिसको कि यह अख्यितार होता है कि चाहे वह उस प्रापर्टी को बेच दें, रहन रख दे या किसी दूसरे का कब्जा भी करवा दे। तो इससे प्राईवेट इंस्टीच्यूशंज को इतना खतरा पैदा हो सकता है कि चौधरी साहब को बहुत समझ कर कदम उठाने की जरूरत है। अगर चौधरी साहब को लोगों ने गलत राय दी है तो वे किसी पढ़े–लिखे आदमी से सलाह कर लें (विघ्न) मैं तो आप जेसा ही हूं। एक दो जमात ज्यादा पढ़ा हूं। इस बिल में कुछ रूल्ज वगैरह की बात रखी है यह शायद ऊपर से सैट्रल गवर्नमैंट से सुजैशन मिली है कि असैंबली के सामने रूल्ज भी रखने चाहिए। पहले इन्होंनें यह प्रोवीजन नहीं किया था। लेकिन इस बिल के अन्दर सिवाये नुकसान के कोई फायदा दिखाई नहीं देता है अव्वल तो ये यूनिवर्सिटी के काम में दखल दे रहे हैं। सरकार पहले अपने आदमियों को और अपने आप को पढ़ने लिखने का इन्तजाम करवाये ....

मुख्यमंत्री (चौ. देवी लाल): यह इसलिये कर रहे हैं कि आप जैसों को मौका मिल जाए।

राव बीरेन्द्र सिंह: नहीं मेरे जैसे नहीं मिलेंगें क्योंकि मेरे से ज्यादा और बहुत बुद्धिजीवी हैं। एक तो आपके पीछे राम लाल वधवा जी बैठे हैं ....(विघ्न).....

चौ. देवी लाल: आप भी पीछे फिरा करते थे ....(विघ्न)... ...

राव बीरेन्द्र सिंह: यह तो देख लैंगे कौन पीछे फिरता है, वक्त बता देगा। चौधरी साहब वह वक्त जल्द ही आ रहा है, जल्द आ जाएगा इतनी तेजी मत करो। तो चेयरमैन साहब, मैं यह अर्ज करता हूं कि ये और कामों की तरफ ध्यान दें। व्यास–रावी के पानी की बात नहीं करते ओर अगर हम ला एंड आर्डर की बात करते है तो सरकार के पास फुर्सत नहीं है चाहे रोज डाके पड़े, चोरियां हों या और खराबियां हों।

चौ. देवी लाल: चेयरमैन साहब, क्या यह ला–एंड आर्डर पर बहस हो रही है?

राव बीरेन्द्र सिंह: चेयरमैन साहब, मैं तो कह रहा हूं कि ला–एंड–आर्डर की तरफ ज्यादा ध्यान दें बजाये इन चीजों के। पढ़ने लिखने की बात तो छोड़ो वह तो पढ़ाने वालों और पढ़ने वालों की बात है अब तो जो आपका खास काम है वह काम करो।

ला–एंड–आर्डर को संभालो (विघ्न) हरियाणा के हित की बात करो और अपने हकूक हासिल करने की बात करा .....

चौ. राम लाल वधवा: चेयरमैन साहब, इन्होंने भी सन् 67 में खूब काम किया था .....

राव बीरेन्द्र सिंह: हां, उस वक्त तो आपके सहयोग से बहुत अच्छा काम चला था (हंसी) लेकिन सहयोग बहुत थोड़े दिन मिला और अब यह भी नहीं पता कि चौधरी साहब को कितने दिन मिलेगा? (हसी)

श्री सभापति: राव साहब, आप बिल देखें, उस पर ही बोलें।

राव बीरेन्द्र सिंह: बहुत अच्छा। मैंने बिल देख लिया है और जो मैंने कहना था वह कह चुका हूं। मुझे सिर्फ इतनी ही अर्ज करनी थी। धन्यवाद।

श्रीमती शान्ति देवी (कैलाना): चेयरमैन साहब, कालेजों के बारे में जो यह बिल आया है मैं इसका हार्दिक स्वागत करती हूं क्योंकि हमारे हरियाणा के अन्दर कई सालों से कुछ रूग्ण जिन्हें सिक कहा जाता है ऐसे कालेज थे। यदि सरकार ने उस बीमारी को हरियाणा से निकालने के लिये एक अच्छा कदम उठाया है तो इसमें क्या बुराई है? पुरानी सरकार ने यह कलंक हमारे माथे मढ़ा था। इस बिल के आने से शायद राव साहब को भी कोई तकलीफ हो सकती है क्योंकि इन्होंने भी अपने हल्के में ऐसी

बीमारी चला रखी होगी। लेकिन हम तो बड़े चिन्तित हैं कि किस तरह से उन लैक्चररों को जो दुर्भाग्य से प्राईवेट कालेजों के अन्दर कार्यरत हैं, तकलीफ उठानी पड़ती है। उनको समय पर वेतन नहीं मिलता है। किसी को भी कोई साधन सुलभ नहीं है। न उनको रिहायश के लिये कोई सुविधा उपलब्ध है और न ही कोई अन्य प्रकार की कोई और सुविधा उपलब्ध है (विघ्न) इसलिये मैं मुख्य मंत्री जी को इस सुन्दर कदम उठाने के लिये बधाई देती हूं।

श्री मूल चन्द जैन (सम्भालका): चेयरमैन साहब, इस बिल में थोड़ी सी तबदीली हुई है। यह बिल हमने पिछले सैशन में पास किया था और जैसे कि राव साहब ने कहा मुझे याद है कि इन्होंने उस वक्त भी इसकी मुखालफित की थी और मैंने उस वक्त भी इसकी हिमायत की थी और अब भी कर रहा हूं। मैं राव साह को याद करवाता हूं कि उनको क्यों अन्देशा हो गया है, ये इतने सुन्दर–सुन्दर इंस्टीच्यूशंज चला रहे हैं.....

चौ. देवी लाल: यह तो इन्होंने खाने का धंधा बना रखा है .....

श्री मूल चन्द जैन: चेयरमैन साहब, मैं यह बात नहीं कहता। (व्यवधान)

राव बीरेन्द्र सिंह: आपने कितने प्राईमरी स्कूल खोले हैं .....(व्यवधान)

चौ. देवी लाल: मैंने आप जैसे पढ़ा–पढ़ा कर छोड़ दिए हैं। (व्यवधान)

श्री मूल चन्द जैन: मैं इस बिल की मैरिटस पर विचार करना चाहता हूं। जब पहले यह बिल पास हुआ था, उस वक्त सरकार से एक गलती हो गई थी कि यह बिल राश्ट्रपति की मन्जूरी के लिये नहीं भेजा गया था। सरकर की यह हिम्मत है कि अपनी गलती को सरकार ने स्वीकर किया। यह बल की स्अेटमैंट आफ औब्जैक्टस एण्ड रीजन्ज में लिखा हुआ है। अब राव साहब को कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए। हिन्द सरकार ने यह सुझाव दिया था कि इइस बिल में यह संशोधन होना चाहिए इस आधार पर हमारी सरकार ने इस सुझाव को इनकारपोरेट कर लिया। अब राव साहब को क्या गिला है, मुझे इस पर आश्चर्य है। एक तरफ तो ये शिकायत कर रहे हैं कि राव तुलाराम जैसे कई कालेजों को, उनकी मैनेजमैंट सरकार को सौंपना चाहती है लेकिन सरकार ले नहीं रही और दूसरी तरफ इस बिल के जरिए सरकार खुद लेना चाहती है तो वे सरकार को दोशी ठहराते हैं। राव साहब ने क्लाज 3 को अच्छी तरह पढ़ा होता तो शायद वे इस ढंग से क्रिटिसाईज न करते। इसमें लिखा है कि कालेज की मैनेजमैंट को बाकायदा नोटिस देगें जिसमें यह लिखा जाएगा कि देखिए, आप अपनी डयूटी को, अपपने कर्त्तव्य को पूरी तरह नहीं निभा पा रहे हैं। जब मैनेजमैंट का इस पर स्पश्टीकरण आएगा और उस स्पश्टीकरण में मैनेजमैंट यह कहेगी कि पीछे जो गलती हुई है,

उसको आयंदा नहीं दोहरायेंगे तो सरकार उस कालेज को टेक–ओवर नहीं करेगी। इस हालात में क्या सरकार का सिर फिरा है कि उसको ले लेगी? मैनेजमैंट का जवाब सैटिस्फैक्टरी होगा तो सरकार नहीं लेगी। सरकार ने इसमें यह प्रोबीजन नहीं रखा है कि टेक–ओवर करने के बादा भी घाटे में चले तो सरकार कैसे घाटा पूरा करेगी। यह बात ठीक है लेकिन अब सरकार टेक–ओवर कर लेगी ओर फिर भी घाटे में चल रहा है तो सरकार मामला जरूर कैबिनेट में लायेगी। केबिनेट के सामने जरूर यह कवैश्चन होगा ओर सरकार इसका प्रबन्ध करेगी। ऐसे कालेजिज जिनको मैनेजमैंट कमेटी नहीं चला सकती, उनको चलाने के लिये सरकार खर्च देगी। मेरे अपने हल्के में ऐसे कालेज है जिनमें टीचर्ज को तन्खाह तक नहीं मिलती, बच्चों की पढ़ाई का बहुत बुरा हाल है। ऐसे कालेजिज की मैनेजमैंट को सरकार सम्भाल लेगी और प्रबन्ध करेगी, यह पब्लिक के हित की बात है। एजुकेशन डिपार्टमैंट ने इस किस्म का सर्वे किया है कि कौन कौन से कालेज ऐसे हैं जो खराब हालत में चल रहे हैं। यह किसी पालिटीशियन ने सर्वे नहीं किया, डिपार्टमैंन के सरकारी कर्मचारियों ने किया है ओर रिपोर्ट की है कि फलां कालेज सरकार को लेना चाहिए, उस इलाके की मांग है कि उस कालिजज को सरकार सम्भाले। इसलिये मैं आपकी मारफत कहना चाहता हूं कि इस बिल की मुखालफत नहीं होनी चाहिए श्रीमती शान्ति राठी ने भी यही कहा है कि इस बिल की मुखालफत नहीं होनी चाहिए।

इस बिल की क्लाज 4 में लिखा हुआ है:—

"Nothing contained in this Act shall apply to any minority college."

यानी यह बिल माईनौरिटी कालेजिज पर लागू नहीं होगा। वैसे मुझे मालूम है कि संविधान में यह लिखा है कि अगर माइनौरिटीज अपने कालेज खुद चलाना चाहे तो उनको खुद चलाने का अधिकार है। लेकिन अगर माइनौरिटीज खुद ही कहें कि फलां कालेज जो हम चला रहे हैं इसका इन्तजाम उनसे ठीक नहीं चल रहा, सरकार इसको सम्भाल ले तो इस क्लाज 4 के तहत ऐसे कालेज को भी हम टच नहीं कर सकते। अगर माइनौरिटी कालेज की ऐसी सिचुएशन आ जाए और लोग भी कहं कि इसको टेक—ओवर कर लिया जाए तो सरकार को सम्भालना चाहिए।

Mr. Chairman: Question is –

That the Haryana Private Colleges (Taking over of Management) Bill, be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Chairman: Now the House will take up the Bill clause by clause.

SUB- CLAUSE (2) OF CLAUSE 1

Mr. Chairman: Question is –

The sub-clause (2) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 2

Mr. Chairman: Question is –

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 3

Mr. Chariman: I have received notice of an amendment to this clause from the Education Minister. He may please move his amnendment.

Education Minister (Shri Hira Nand Arya): Sir, I beg to move-

In sub-clause (1), in line 8, after the words “State Government”, the word “may” be inserted.

Mr. Chariman: Motion moved-

In sub-clause (1), in line 8, after the words “State Government”, the word “may” be inserted.

Mr. Chariman: Question is –

In sub-clause (1), in line 8, after the words “State Government”, the word “may” be inserted.

Mr. Chariman: Question is –

That clause 3, as amended, stand part of the Bill.

CLAUSE 4 TO 11

Mr. Chairman: There are no amendment to clauses 4 to 11. Therefore, of the House agrees, these may be put together.

Voices: Yes.

Mr. Chariman: Question is –

That clauses 4 to11 stand part of the Bill.

The motion was carried.

SUB- CLAUSE (1) OF CLAUSE 1

Mr. Chairman: Question is –

The sub-clause (1) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

ENACTING FORMULA

Mr. Chairman: Question is –

The Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Chairman: Question is –

That title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Education Minister (Shri Hira Nand Arya) : Sir, I beg to move-

That the Haryana Private Colleges (Taking over of Management) Bill, be passed.

Mr. Chairman: Motion moved-

That the Haryana Private Colleges (Taking over of Management) Bill, be passed.

Mr. Chairman: Question is –

That the Haryana Private Colleges (Taking over of Management) Bill, be passed.

The motion was carried.

दि हरियाणा विधान सभा प्रोसीडिग्ज (प्रोटैक्शन आफ पब्लिकेशन) बिल, 1978

Local Government Minister (Chaudhri Ram Lal Wadhwa) : Sir, I beg to introduce the Haryana Vidhan Sabha Proceedings (Protection of Publication) Bill, 1978.

I also beg to move-

That the Haryana Vidhan Sabha Proceedings (Protection of Publication) Bill, be taken into consideration at once.

(At this stage Mr. Speaker occupied the Chair).

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Haryana Vidhan Sabha Proceedings (Protection of Publication) Bill, be taken into consideration at once.

चौ. रिजक राम (राई): स्पीकर साहब, जो बिल मंत्री महोदय ने पेश किया है मैं इसका स्वागत करता हूं। सरकार ने और जनता पार्टी ने चुनाव के समय वचन दिया था कि प्रैस को स्वतन्त्रता दी जाएगी। जो अंकुश प्रैस की स्वतंत्रता के ऊपर लगा हुआ था और यहां की प्रोसीडिंग्ज के बोर में भी बड़ी पाबन्दी थी उसे आज सरकार ने इस बिल के द्वारा हटाने की तजवीज की है। मैं सरकार को इसके बारे में बधाई देता हूं। लेकिन साथ ही साथ एक बात अर्ज करना चाहता हूं कि प्रैस वालों को भी सरकार थोड़ा सा निगाह में रखे ताकि वे कोई डिसटौर्टिड रिपोटिंग न करें ओर रिपोर्ट करने में कहीं फेवरेटिज्म आदि की नीति न बरतें। हम देखते है कि प्रैस से जो रिपोटिंग आ रही हैं वह कोई बहुत

ठीक तौर पर नहीं है। बहुत से अखबारों में अनुचित ढंग से या डिसटौर्टिड–वे में प्रोसीडिंग्ज छपती हैं। उनका स्पीकर साहब, अगर आप ध्यान रखते रहे तो बड़ी कृपा होगी।

Mr. Speaker:Question is-

That the Haryana Vidhan Sabha Proceedings (Protection of Publication) Bill, be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Motion moved-

Mr. Speaker: Now the House will taken up the Bill clause by clause.

CLAUSE 2

Mr. Chairman: Question is –

The clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 3

Mr. Speaker:Question is-

Mr. Speaker: I have received notice of an amendment from Shri Ram Lal Wadhwa. He may please move his amendment.

Local Government Minister (Chaudhri Ram Lal Wadhwa) : Sir, I beg to move-

That in the heading, long title, clauses 1.3 and 4 for the words “Haryana Vidhan Sabha” wherever occuring, the words “Haryana Legislative Assembly” be substituted.

Mr. Speaker: Motion moved-

That in the heading, long title, clauses 1.3 and 4 for the words “Haryana Vidhan Sabha” wherever occuring, the words “Haryana Legislative Assembly” be substituted.

Mr. Speaker: Question is -

That in the heading, long title, clauses 1.3 and 4 for the words “Haryana Vidhan Sabha” wherever occuring, the words “Haryana Legislative Assembly” be substituted.

The motion was carried.

Mr. Speaker:Question is-

That clause 3 as amended, stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 4

Mr. Speaker:Question is-

That clause 4 as amended, stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 1

Mr. Speaker:Question is-

That clause 1 as amended, stand part of the Bill.

The motion was carried.

ENACTING FORMULA

Mr. Speaker:Question is-

The Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Speaker:Question is-

The Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Local Government Minister (Chaudhri Ram Lal Wadhwa): Sir, I beg to move-

That the Haryana Vidhan Sabha Proceedings (Protection of Publication) Bill, as amended be passed.

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Haryana Vidhan Sabha Proceedings (Protection of Publication) Bill, as amended be passed.

Mr. Speaker: Question is -

That the Haryana Vidhan Sabha Proceedings (Protection of Publication) Bill, as amended be passed.

The motion was carried.

दि हरियाणा पब्लिक वकफस (एक्सटैन्शन आफ लिमिटेशन) बिल, 1978

Health Minister (Smt. Dr. Kamla Verma): Sir, I beg to introduce the Haryana Public Wakfs (Extension of Limitation) Bill, 1978

I also beg to move-

That the Haryana Public Wakfs (Extension of Limitation) Bill, be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Motion moved –

That the Haryana Public Wakfs (Extension of Limitation) Bill, be taken into consideration at once.

श्री मूल चन्द जैन (सम्भालका): स्पीकर साहब, मैं इस बिल की इस सैन्स में मुखालिफत करता हूं कि यदि आम तौर पर किसी का कब्जा नाजायज हो तो उसकी 12 साल की मियाद होती हैं यह 12 साल की मियाद सन् 75 से पहले ही खत्म हो गई थी।

अब हम उस मियाद को 31 दिसम्ब्र, 1980 तक और आगे न बढ़नी होती। जब यह मियाद भी खत्म होगी तो मुझे पता है कि और ऐक्सटैन्शन के लिये बिल आ जाएगा। मैं यह नहीं चाहता कि वकफ की प्रोपर्टी पर लोग कब्जा कर लें और यह उसको वापिस न मिले। यह मेरा मुद्छा नहीं लेकिन एक लिमिटेशन एक्ट जो है उसका खास महत्व है और वह यह है कि मुकदमेंबाजी में लोग लम्बे अर्से तक न लटके रहें बल्कि किसी मामले को हम जल्दी से सैटल होने दें। वक्फ बोर्ड खासा अच्छा बोर्ड है। जब वह सन् 75 तक कार्यवाही नहीं कर सकता तो आगे भी क्या करेगा। इसलिये मैं ज्यादा न कहता हुआ सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि अगर सरकार यह अश्योरैन्स दे दे कि 31 दिसम्बर, 1980 के बाद यह मियाद नहीं बढ़ेगी तब तो ठीक है वरना इसका कोई फायदा नहीं।

चौ. खुरशीद अहमद (तावडू): स्पीकर साहब, मैं इस बिल को स्पोर्ट के लिये खड़ा हुआ हूं। यह बिल उस जायदाद के बारे में है जिस पर कब्जा यदि मुखालफाना भी हो तो भी इख्लााक किसी आदमी को यह जेबा नहीं देता कि वह उस जायदाद पर कब्जा करके बैठ जाए। यह वह जायदाद है जो कुछ लोगों ने अपनी जायदाद में से निकाल कर एक पब्लिक परपज के लिये वक्फ बोर्ड के हवाले की है। मैं तो यह चाहता हूं कि 1980 तक मियाद बढ़ाने की तो बात ही क्या है इस पर कोई मियाद लागू नहीं होनी चाहिए। इस पर लिमिटेशन तो परपिचुयटी तक चलनी

चाहिए ताकि ऐसी जायदाद पर जो गल्त तरीक से कब्जा करे, वह काबिज न रह सके।

चौ. रिजक राम (राई): स्पीकर साहब, इस बिल की अहमियत जैसे खुरशीद जी ने बताया बड़ी भारी है और वक्फ की प्रौपर्टी, जो धार्मिक कामों के लिये है, की सुरक्षा के लिये, उसको नाजायज कब्जे से बचाने के लिये, यदि कोई लिमिटेशन न भी रखी जाए तो भी ठीक बात है। लेकिन एक बात मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि जो लोग वक्फ प्रौपर्टी के ट्रस्टी बने हैं, जो बोर्डज के चेयरमैन बने हुए हैं या जो दूसरे कार्यकर्ता हैं उन्होंने तकरीबन सारी प्रौपर्टी खा ली। (विघ्न) बिल्कुल बगैर नमक मिच्र लगा कर खा ली। इतनी कुरप्शन फेली है जिसका कोई हिसाब नहीं। लोगों से फर्जी दावे कराये जाते हैं और इनके पटवारी और दूसरे कारकून उनके हक में फर्जी ब्यान दे देते हैं कि साहब इनका कब्जा पुराना है। (विघ्न) हरियाणा में तो वक्फ बोर्ड के कर्मचारी इसको हज्म कर बैठे हैं। इसलिये मैं ज्यादा न कहते हुए मुख्यमंत्री जी से और विशेश कर मंत्री महोदय से यह प्रार्थना करूंगा कि आप पिछले दस–पन्द्रह साल के केसिज की किसी एक शहर में अवश्य तहकीकात कराएं। आापकी करोड़ों रूप्यों को गबन इस प्रौपर्टी का मिलेगा। कई लोगों ने बड़ी बेरहमी के साथ इस जायदाद को हड़प किया है। इसलिये सरकार का फर्ज है कि वह कानून में तरमीम करके जिन लोगों ने बेईमानी की है और

जिन्होंने इस जायदाद को बहुत ही बुरी तहर से खाया है, उनसे इसे वापस कराए।

चौ. प्रताप सिंह ठाकरान (गुड़गांवा): स्पीकर साहब, वक्फ बोर्ड की प्रौपर्टी के बारे में मुझे जाती तौर पर तजुर्बा है और काफी कुछ इस बारें में इल्म है कि इस प्रौपर्टी का बहुत गलत ढंग से इस्तेमान हुआ है क्योंकि मैंने इस बारे में मुकदमें भी लड़े हैं। वक्फ के कर्मचारियों ने और दूसरे आफिस बीयरर्ज ने उसका बहुत मिस–यूज किया है मैं सरकार से प्रार्थना करता हूं कि इसकी स्पैशल इन्क्वायरी करवायी जाये।

श्रीमती सुशमा स्वराज (अम्बाला छावनी): अध्यक्ष महोदय, यह जो बिल सदन में पेश किया गया है, मैं इसका पूर्ण रूप से समर्थन करने के लिये खड़ी हुई हूं ओर सरकार इसके लिये बधाई की पात्र है क्योंकि जब यह बिल पास हो जाायेगा तो एक बहुत कड़ा अहम सवाल हमारे प्रदेश का सौलव हो जायेगा। हमारे प्रदेश मे एक बहुत बड़ी समस्या है कि वक्फ की बेहन्तहा प्रौपर्टी इस वक्त नाजायज तौर पर लोगों ने कब्जे में की हुई है। यह ठीक है कि इस कब्जे की कुछ मियाद होती है। अगर 12 वर्श तक किसी का नाजायज कब्जा रह जाये तो वह प्रापर्टी उसकी अपनी हो जाती है। इस मियाद को पहले भी कई बार बढ़ाया गया है लेकिन उस मियाद के बढ़ाने के बावजूद भी पिछली सरकार ने बहुत सुस्ती दिखायी। उन जमीनों से उन लोगों को बेदखल नहीं कराया गया। मैं इस बिल की ताईद तो करती हूं लेकिन इसके

साथ–साथ वक्फ मिनिस्टर महोदया से यह बार–बार गुजारिश करना चाहूंगी कि वे इस बढ़ाई हुई मियादा का पूरा–पूरा फायदा उठायें। उन नाजायज कब्जों के खिलाफ फौरी तोर पर रिटें दायर करें। अगर रिटें दायर कर दें तो इस बढ़ी हुई अवधि का लाभ उठाया जा सकता है। वे सारे के सारे कब्जे बेदखल कराये कराये जाये और उस प्रौपर्टी को उस काम के लिये जिसके लिये यह बिल पास किया जा रहा है वापिस किया जाये। कही ऐसा न हो कि पहले जो इतनी सारी अवधि बढ़ाायी गई है उसी तरह से यह मियाद भी बेबुनियाद हो कर रह जाये। मैं इस बिल का पूण्र रूप से समर्थन करते हुए सरकार से गुजारिश करूंगी कि इस बिल के पास होने की सफलता तभी हो सकती है जब इस अवधि का लााि उठाते हुए फौरी तौर पर मुकदमें करें और सारी की सारी जायदाद को बेदखल करवायें। उस सारी जायदाद से उस जमात को फायदा पहुंचवायें जो जमात आज पिछड़ी हुई है।

Mr. Speaker: Before asking the Hon. Minister to reply I must say that I have myself beeen a member of the charitable institutions and I also fully associate myself with the views/sentiments expressed by the Hon. Members in this respect. I now request that Hon. Minister to give the reply.

स्वास्थ्य मंत्री (श्रीमती डाक्टर कमला वर्मा): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, यह वक्फ बोर्ड दो अक्तूबर सन् 1960 में बना था। वैसे तो स्टेट इसके अन्दर ज्यादा इन्टरफियर नहीं करती क्योंकि यह सैन्ट्रल बोड्ड के अधीन काम करता है। मैं हाउस को यह

बताना चाहती हूं कि इस वक्त तक जो पुराने मैम्ब्र बोर्ड के थे जिन्होंने घपलेबाजी की थी, वे हटा दिये गये हैं। यह वक्फ बोर्ड पंजाब, हरियाणा और हिमाचल तीनों स्टेटस का हैं यह अब री–कांस्टीच्यूट हो चुका है ओर यह आश्वासन दिलाना चाहती हूं कि चाहे बोर्ड के मामले में स्टेट गवर्नमेंट इन्टरफियर नहीं कर सकती फिर भी अधिक से अधिक जितनी घपलेबाजी है, इसकी इन्कवायरी करायी जायेगी। बोर्ड एक अटोनोमस बोडी है लेकिन फिर भी मैं अपना कर्तव्य समझते हुए हाउस को आश्वासन दिलाती हूं कि इस वक्त 1825 केसिज कोर्ट में पैंडिन्ग हैं जिनका निर्णय होना है। अगर यह बिल पास नहीं किया जाता तो वह वह मालिक बन सकते हैं। वक्फ की प्रौपर्टी को बचाने के लिये यह बिल लाया गया है। इसलिये में हाउस से निवेदन करूंगी कि इस बिल को पास कर दिया जाये।

Mr. Speaker: Question is –

That the Haryana Haryana Public Wakfs (Extension of Limitation) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the House will take up the Bill clause by clause.

SUB- CLAUSE (2) OF CLAUSE 1

Mr. Speaker: Question is –

The sub-clause (2) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 2

Mr. Speaker: Question is –

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 3

Mr. Speaker: Question is –

That clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

SUB- CLAUSE (2) OF CLAUSE 1

Mr. Speaker: Question is –

The sub-clause (2) of clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

ENACTING FORMULA

Mr. Speaker: Question is –

The Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Speaker: Question is –

That title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Health Minister (Smt. Dr. Kamla Verma) : Sir, I beg to move-

That the Haryana Haryana Public Wakfs (Extension of Limitation) Bill, be passed.

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Haryana Haryana Public Wakfs (Extension of Limitation) Bill, be passed.

Mr. Speaker: Question is –

That the Haryana Haryana Public Wakfs (Extension of Limitation) Bill, be passed.

The motion was carried.

दि पंजाब कोर्टस (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 1978

Excise and Taxation Minister (Ch. Sher Singh): Sir, I beg to introduce the Punjab Courts (Haryana Amendment) Bill, 1978.

I also beg to move-

That the Punjab Courts (Haryana Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Punjab Courts (Haryana Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

चौ. जगजीत सिंह पोहलू (पाई): स्पीकर साहब, मैं अपने आनरेबल चीफ मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करना चाहता हूं कि जहां यह बिल पेश किया है, वहां आज हरियाणा मे ंतकरीबन 96 हजार पुराने मुकदमें पैंडिन्ग पड़े हुए हैं जिनका अभी फेसला होना है। 12–12 साल पुराने मुकदमें हैं क्योंकि जजिज थोड़े हैं। इसलिये मैं चीफ मिनिस्टर साहब से रिक्वैस्ट करूंगा कि सब–डिविजनल लैवल पर एडीशनल सैशन जज के कोर्टस कायम कर दिये जायें और डिस्ट्रिक्ट लैवल पर पूरे सैशन जज होने चाहिये। जैसे कुरूक्षेत्र में सिर्फ एक एडीशनल सैशन जज है उससे काम नहीं चलता है। कुरूक्षेत्र जिले के मुकदमें करनाल में भेजने पड़ते हैं। दूसरे मैं यह कहना चाहता हूं कि हरियाणा के लोगों के लिये हरियाणा पंजाब हाई कोर्ट तो इक्ट्ठी रहे परन्तु इसके

साथ–साथ अगल से तीन जजों का एक सर्किट बैंच कायम कर दिया जाये। यह चाहे जीन्द में हो, चाहे कैथल में हाो इससे हरियाणा के लोगों का खर्चा बच सकेगा क्योंकि लोगों को बड़ी दूर से हाई कोर्ट आना पड़ता है ओर गांवों के लोगों को काफी तकलीफ होती है। इसलिये मैं चीफ मिनिस्अर साहब से प्रार्थना करूंगा कि अपने जितने जुडिशियल मैजिस्ट्रेट हैं, सब–जजिज हैं इनको एग्जैक्टिव मैजिस्ट्रेट के बराबर, एस.डी.एम. के बराबर फेसेलिटीज दी जायें ताकि इनकी हौसला–अफजाई हो सके। इनको अधिक से अधिक प्रोमोशन दी जाये ताकि वे जल्दी से जल्दी लोगों को इन्साफ दे सकें।

Mr. Speaker: Question is –

That the Punjab Courts (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the House will take up the Bill clause by clause.

CLAUSE 2

Mr. Speaker: Question is –

The clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 3 to 5

Mr. Speaker: Question is –

That clause 3 to 5 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 1

Mr. Speaker: Question is –

That clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

ENACTING FORMULA

Mr. Speaker: Question is –

The Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Mr. Speaker: Question is –

That title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Excise and Taxation Minister (Ch. Sher Singh): Sir, I beg to move-

That the Punjab Courts (Haryana Amendment) Bill, be passed.

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Punjab Courts (Haryana Amendment) Bill, be passed.

Mr. Speaker: Question is –

That the Punjab Courts (Haryana Amendment) Bill, be passed.

The motion was carried.

राज्य में कानूनी स्थिति सम्बन्धी सिंचाई तथा बिजली मंत्री द्वारा वक्तव्य

Mr. Speaker: Now the Home Minister will make a statement on the Law and Order situation in the state.

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): स्पीकर साहब .....

स्वामी अग्निवेशः अध्यक्ष महोदय, कल भी और परसों भी मुझे जितनी भी रिपोर्टस मिली हैं, वे सारी की सारी अंग्रेजी में दी गयी है। आप अच्छी तरह से जानते हैं कि हम इतना ..... (व्यवधान)

Mr. Speaker: Will the Irrigation and Power Minister kindly sit down for one minute? Swami ji, I beg you that you had come and spoken to me in the my Chamber. आपने मेरे से इस विशय में चैम्बर में आकर परा डिस्कशन कर लिया था और मैंने आपको यह आश्वासन दिलाया था कि आप मेरे दफतर में एक पत्र लिखकर दीजिये। मैं गवर्नमैंट को लिखूंगा कि आगे से हर रिपोर्ट की एक कापी अंग्रेजी में और एक हिन्दी में भेजी जाये। पता नहीं आपको मेरे ऊपर विश्वास नहीं है या क्या बात है। उसके बाद आप मेरे को यह पत्र भेजते हैं। आप मुझे जब चैम्बर में मिले थे तो मैंने आपको यह आश्वासन दिलाया था कि गवर्नमैंट से कहूंगा कि आगे से हर पत्र की और हर रिपोर्ट की कापी हिन्दी में भेजी जाये। आप इस बात पर यकीन रखे कि मैं इसके बाद गवर्नमैंट से अनुरोध करूंगा कि हर रिपोर्ट की एक कापी इंगलिश में और एक हिन्दी में आपके पास भेजी जाये।

स्वामी अग्निवेशः अध्यक्ष महोदय, शायद मैं आपकी बात नहीं समझ सका। आपने यह कहा था कि आप वह पत्र मुझे दे दें। आपको मैं सदन में कल वे रिपोर्टें हिन्दी में उपलब्ध करवाऊंगा। मैं आज सारा दिन बैठा रहा। सारा दिन निकल गया जब मुझे न

मिलीं तो मैंने आपको याद दिलाया कि मुझे अभी तक भी वे नहीं मिलीं हैं।

श्री अध्यक्ष: देखिये, जो रिपोर्टस पहले अंग्रेजी में प्रिन्ट हो गयी है, वे एक दिन में तो हिन्दी में प्रिन्ट होनी नामुमकिन हैं। मैंने आपको यह आश्वासन दिलाया था कि आगे से सरकार जो भी रिपोर्ट प्रिन्ट करवायेगी, वह दोनों भाशाओं में प्रिन्ट करवायेगी। इन रिपोर्टस की कापी 24 घन्टे में तो उपलब्ध करवाने के लिये मैं नहीं कह सकता लेकिन जितना भी कम से कम टाईम लेकर गवर्नमैंट का प्रिन्टिंग प्रैस उसको छापा सकता है, वह छपवाकर मैम्बर्ज को उपलब्ध करायी जायेगी।

स्वामी अग्निवेश: धन्यवाद जी।

श्री वीरेन्द्र सिंह: मिस्टर स्पीकर सर, जैसे कि सुबह कहा गया था कि कुछ केसिज स्टे आर्डर्ज के थे और कुछ इन्डीविजुअल डिस्पयूटस की वजह से वायलैन्स हुआ और क्राईम कमिट हुआ, (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) उसके बारे में 7–8 काल अटैन्शन मोशन्ज मैम्बर साहेबान ने दीं। आपने उन मोशन्ज को थौरोली एग्जामिन किया, उनमें कोई सार नहीं पाया और रिजैक्ट कर दीं। अपना काल अटैन्शन मोशन मूव करने के लिये वे लोग भी मेरे ख्याल में सीरियस नहीं थे। वे केवल एक वातावरण पैदा करना चाहते थे। अखबारात में नाम लाना चाहते थे। शायद इसीलिये वे इस समय सदन में हाजिर नहीं हैं। फिर

भी सरकार ने चाहा कि इस बात को बिल्कुल साफ कर दिया जाये कि यहां पर कोई ला–एण्ड–आर्डर की प्रौब्लम नहीं है। ..... (व्यवधान)

स्वामी अग्निवेश: मैंने, चौ. रिजक राम जी से सुशमा जी ने और स्वामी आदित्यवेश जी ने काल अटैन्शन मोशन दिया था। हम चारों के चारो सदन में मौजूद हैं.....

श्री उपाध्यक्ष: और भी 6–7 मैम्बर्ज थे, आप बैइ जाइये।

श्री वीरेन्द्र सिंह: आपने तो एक दिया होगा लेकिन 7–8 मोशन थे। .....(व्यवधान)

Ch. Khurshid Ahmed: This is not in a good taste to address the House like this.

श्री वीरेन्द्र सिंह: मैं यह अर्ज कर रहा था कि दरअसल यहां पर ला–एण्ड–आर्डर का कोई प्रौब्लम नहीं है। एक एक बकुए को ऐसे ही रंग देने की कोशिश की जा रही है? जब तक समाज रहेगा, दुनिया रहेगी, लोग रहेंगे, प्रौपर्टी के हकूक रहेंगे, ऐसी बातें समाज में होती रही हैं और होती रहेंगी। 5–7 इन्सीडैन्टस जिनका खासतौर पर काल अटैन्शन मोशन्ज में यहां पर जिक्र किया गया है उनमें से एक चौ. खुरशीद अहमद के इलाके के पास का है। चौ. खुरशीद अहमद साहब की तरफ से मुझे पर्सनली भी बताया गया और शायद उस बारे में कोई काल अटैन्शन मोशन भी दी गयी हो। डिस्ट्रिक्ट गुडगांव में हथीन पुलिस स्टेशन में एक

कोई गुढ़ावली गांव है। वहां पर फायरिन्ग हुई थी। वाक्यात में मुख्तसर तौर पर आपको बताता हूं। उसकी प्रि–हिस्टरी यह थी कि एक एबडक्शन का केस रजिस्टर्ड था, एक मुलजिम रिक्वायर्ड था। राजस्थान की पुलिस हरियाणा की पुलिस की इमददा लेकर उस गांव में पहुंची और वारन्ट एक्जीक्यूट करना चाहा। लोगों की तरफ से मुकम्मल तौर पर एक्जीक्यूशन आफ वारन्ट की मजाहमत की गयी। ए.एस.आई. उस वारन्ट को एक्जीक्यूट करना चाहता था, उस पर बाकायदा हमला किया गया, उसकी बाजू पर भी चोट मारी गयी फिर उसके सिर पर हमला किया गया। इन हालात में पुलिस को वहां पर गोली चलानी पड़ी। उस वजह से वहां पर एक आदमी की डैथ भी हुई। केस रजिस्टर्ड है, मुलजिम गिरफ्तार हैं, कार्यवाही चल रही है। एक ऐसा ही वाक्या जिसके बारे में काल अटैन्शन मोशन दिया गया है .....

स्वामी अग्निवेश: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर।

श्री उपाध्यक्ष: इसमें कोई प्वायंट आफर आर्डर नहीं होता।

श्री वीरेन्द्र सिंह: इस पर कोई बहस नहीं हो सकती।

स्वामी अग्निवेश: मैं आपके सामने तथ्य रखना चाहता हूं।

श्री उपाध्यक्ष: रिप्लाई आने दीजिये, स्वामी जी। ..... (व्यवधान एवं शोर)

स्वामी अग्निवेश: मैं आपके सामने यह तथ्य रखना चाहता हूं कि जो आदमी मारा गया हैं, वह निरपराध था और उसका झगड़े से सम्बन्ध नहीं था।

श्री उपाध्यक्ष: स्वामी जी, आप बैठिये, आपके पास जो फैक्टस हैं, वे इनको लिखकर भेज दें।

स्वामी अग्निवेश: अभी एक मिनट में बैठ रहा हूं। सरकार को जो पुलिस ने रिपोर्ट दी हैं वही यहां पर पढ़ी जा रही है.....(व्यवधान एवं शोर)

श्री वीरेन्द्र सिंह: मेरा कहना यह है कि इस पर बहस नहीं हुआ करती .....(शोर)

स्वामी अग्निवेश: उपाध्यक्ष महोदय, हाउस के सामने तथ्य तो रखने चाहियें। ये तथ्य नहीं हैं जो इन्होंने बताये हैं। जो आदमी मारा गया, हमने उस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री महोदय को तारें भी भेजी थीं, लेकिन उनका भी कोई जवाब नहीं दिया गया।

श्री वीरेन्द्र सिंह: यह जरूरी नहीं कि आपकी जो तारें वसूल हों, उनका जवाब दें। (शोर) क्या जवाब दें? ..... (व्यवधान एवं शोर)

स्वामी अग्निवेश: अध्यक्ष महोदय, हम अपने हल्के से साढ़े तीन सौ किलोमीटर दूर बैठे हुए हैं। अगर हमारे हल्के में

कोई घटना हो जाती है तो इम्मीजीयेटली हम गवर्नमैंट के नोटिस में और कैसे ला सकते हैं? .....(व्यवधान एवं शोर).....

मुख्यमंत्री (चौ. देवी लाल): जब गवर्नमैंट की तरफ से कोई ब्यान दिया जा रहा हो उस वक्त न कोई प्वायंट आफ आर्डर किया जा सकता है और न ही कोई डिस्कशन की जा सकती है इसलिये इसको मिनिस्टर साहब के ब्यान तक ही महदूद रखना चाहिये। .....(शोर)

चौ. रिजक राम: उपाध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री साहब ने जो फरमाया, ठीक फरमाया है। अगर मिनिस्टर साहब इन केसिज की डिटेल्ज दिये बगैर ब्यान दे सकें तो बड़ी मेहरबानी होगी क्योंकि ये केसिज सब–जुडिस हैं, और तो कोई बात नहीं है, उन पर असर पड़ेगा।

15.00 बजे

श्री वीरेन्द्र सिंह: एफ.आई.आर. में जो फैक्टस हैं, वही कुछ बता रहा हूं इससे ज्यादा कुछ नहीं। मुझे इस बारे में पहले ही पता है। तो मैं यह अर्ज कर रहा था डिप्टी स्पीकर साहब, कि कुछ ऐसे वाक्यात होते ही रहते हैं। लेकिन जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद इस प्रदेश में कोई भी ऐसे वाक्यात नहीं हुए हैं, जिनको वाकई ला–एण्ड–आर्डर की प्रौब्लम के नाम से नवाजा जा सके। सरकार के लिये और सरकार की पुलिस के लिये यह क्रेडिटेबल हैं कि हरियाणा के हर कोने में पूरी तरह अमन और

शान्ति है। प्रैस वाले इंडिविजुअल डिसप्यूटस को, ऐसे वाक्यात को जो इंडिविजुअल नेचर के हैं ऐसे हैडिंग जमाकर छापते हैं जिनसे कि लोगों की भावनाएं उभरती हैं, सूबे की फिजां खराब होती है, यह बड़ी दु:खद बात है। उनको ऐसा नहीं करना चाहिये। इस बात का जिक्र मैंने भी किया है और चौ. रिजक राम ने भी किया है। हारमानी रखने के लिये प्रैस इतना ही जिम्मेदार है जितने हम और आप जिम्मेदार हैं। मैं प्रैस वाले भाइयों से बड़ी मुअदबाना अर्ज करूंगा कि वे इस किस्म की इंडिविजुअल डिसप्यूटस की खबरे उसी ढंग से छापें जिस नौइयत की वह खबर हो और इस किस्म का आभास लोगों को उस खबर से न मिले कि कम्युनल हारमनी और स्टेट के अमनो–अमान में कुछ खराबी है। मैं अपने दूसरे सदस्यों से भी अपील करूंगा चाहे वे इधर बैठे हैं या उधर बैठे हैं कि हरियाणा हम सबका है आप सब जिम्मेदार लोग हैं। आप अपने–अपने हल्को में और अपने असरो–रसूख से ऐसा वातावरण पैदा करें कि सरकार और प्रदेश में रहने वाला हर व्यक्ति यह समझकर चले कि यह प्रदेश मेरा है। मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि सरकार की निगाह में, कानून की निगाह में हरियाणा में बसने वाले 36 बिरादरी के लोग एक जैसे हैं। किसी विशेश वर्ग का किसी विशेश जाति का या बिरादरी का हरियाणा नहीं है। हरियाणा 36 बिरादरी का प्रदेश है और हरियाणा में रहने वाला हर छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा व्यक्ति कानून के सामने बराबर है। यह मौजूदा सरकार की धारणा है। मैं यह भी कहना चाहूंगी कि जो लोग जाति–पाति के सवाल को या किसी वर्ग के सवाल

को भड़काना चाहेंगे और झगड़ा पैदा करना चाहेंगे, सरकार का पुख्ता इरादा है कि ऐसे लोगों से पूरी सख्ती से निपटा जाए। चाहे वह सिकी वर्ग से ताल्लुक रखते हों, चाहे सिकी जाति या बिरादरी से ताल्लुक रखते हों, यह मैं साफ तौर से बता देना चाहता हूं। मैं एक दो बातें और कहना चाहता हूं कि पिछले दिनों एमरजेंसी के दौरान पुलिस की क्रैडिबिलिटी जाती रही थी उसका कारण यह था कि इस सरकार के बनने से पहले पुलिस के कर्मचारियों के काम की असैसमैंअ क्राइम की बिनाह पर की जाती थी। यह देखा जाता था कि पुलिस आफिसर के हल्के में कितने केस हुए इससे उसकी एफीशैंसी असैस की जाती थी। एमरजेन्सी के दौरान वीकर लोगों की शिकायत थाने में दर्ज नहीं की जाती थी, उस समय उसकी कोई बात सुनता नहीं था। उनका एक ही ध्येय था कि अमनो–अमान दिखाने के लिये एफ.आई.आरज. का नम्बर रिडयूस किया जाए। मैं यह मानता हूं कि जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद एफ.आई.आरज. का नम्बर बढ़ा हैं, केसिज के नम्बर बढ़े हैं। इसका कारण यह नहीं कि क्राईम नम्बर बढ़ा है बल्कि नम्बर आफ रजिस्ट्रेशन की तादाद बढ़ी है ताकि कमजोर से कमजोर वर्ग का आदमी भी अपनी बात पुलिस में दर्ज करवा सके। मोजूदा सरकार ने यह भी तरीका अपनाया है कि पुलिस कर्मचारी के काम की असैसमैंट इस बात से करेंगे कि उसके प्रति लोगों की पहुंच कितनी आसान हे। हम उसके काम की असैसमैंट इस बात से करेंगे कि इस इनवैस्टीगेशन कितनी पाक और साफ करता है। हम इस तरह से उसके काम की असैसमैंट करेंगे कि पुलिस

स्टेशन पर जाने के लिये लोगों में भय तो नहीं आता! इन तीन–चार बातों से पुलिस कर्मचारी के काम की असैसमेंट की जाएगी ताकि पुलिस के प्रति कैडिबिलिटी कायम की जा सके। डिप्टी स्पीकर साहब, इसमें कोई शक नहीं कि हरियाणा में पुलिस की नफरी कम है। इनवैस्टीगेशन आफिसर्ज की कमी है, पुलिस कांस्टेबल्ज की कमी है ओर यह मामला सरकार के विचाराधान है बल्कि काफी आगे तक चला गया है कि इनवैस्टीगेशन आफिसर्ज को बढ़ाकर पुलिस की नफरी बढ़ाई जाए शहरों की आबादी बढ़ रही है। गांव भी बड़े होते जा रहे हैं और पुलिस की नफरी जितनी आबादी बढ़ी है उसके मुकाबले कम बढ़ी है .....

चौ. गया लाल: उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय जो स्टेटमैंट दे रहे हैं उसमें कोई वजनदार बात नहीं है। गरीब लोगों में आजकल बड़ी बेचैनी बढ़ रही है .....

श्री वीरेन्द्र सिंह: उपाध्यक्ष महोदय, अभी दो–तीन दिन पहले एक खबर मौसूल हुई कि करनाल के एस.पी. ने 17 लाख की मालियत का सोना बरामद किया और कुछ सदस्यों ने मांग की कि ऐसे एस.पी. को या जो आफिसर कंसर्न्ड हों, शायद दूसरे स्टाफ के मैम्बर जैसे इंस्पैक्टर सब इन्स्पैक्टर या कांस्टेबल हों या कोई दूसरे पुलिस कर्मचारी हो, उनको पूरी तरह से एवार्ड दिया जाए। मैंने उस वक्त कहा था कि मुख्यमंत्री जी से सलाह करके मैं फिर बताऊंगा। डिप्टी स्पीकर साहब, कस्टम एक्अ के तहत जो इस प्रकार का सोना पकड़ा जाता है उसके लिये एक रूल है कि

पकड़ने वाले को मालियत का दस परसेन्ट एवार्ड दिया जाए। इसलिये मैं इस वक्त कोई एवार्ड अनाउन्स नहीं कर सकात क्योंकि शायद कोई टेक्नीकल गड़बड़ न आ जाए। लेकिन मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि उन पुलिस कर्मचारियों की सर्विसिज की डयू रिकगनिशन सरकार करेगी।

एक भयानक वाक्या भिवानी का है। वहां पर बैंक आफ इंडिया को लूटा गया। दिन दिहाड़े यह डाका पड़ा था और हरियाणा की पुलिस ने तीन घंटे के अन्दर चार मुलजिमों को गिरफ्तार कर लिया और एक–एक पैसे की रिकवरी की गई। एक बड़ी अजीबो गरीब बात यह है कि कल तक यह खबर थी कि उन चार गिरफतार व्यक्त्यिों में से एक पाकिस्तानी शहरी था लेकिन अब पता चला है कि जिन दो ने अपने आपको पंजाब का बताया था और शायद अपने आप को सरदार के रूप में रख रहे थे, वे दो भी पाकिस्तानी शहरी हैं। इस प्रकार चार गिरफ्तार व्यक्तियों में से तीन पाकिस्तानी हैं और एक हिसार का ड्राईवर है। यह सोना पाकिस्तान से स्मगल होकर आया था। एक बात और मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि पलवल का जो इंसीडेंस हुआ जिसमें सड़क पर लौरी और ट्रकों को लूटा गया और इसमें असरफ और अकबर को गिरफ्तार किया गया था। इसमें बीस गिरोह के लोग हैं ओर वे राजस्थान, यू.पी. और दिल्ली की तरफ से ओपरेट करते हैं। हमने इन वाक्यात को रोकने के लिये कदम उठाए हैं। चैक पोस्टस बड़ी मजबूत कर दी गई हैं, हर एक पोस्ट पर वायरलैस

सिस्टम सैट कर दिया गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इतना विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारे हरियाणा में तो ऐसे लोग नहीं है लेकिन बाहर के जो लोग आपरेट करते हैं उनको हरियाणा से बचकर नहीं निकलने दिया जाएगा।

Mr. Deputy Speaker: The House stands adjourned Sine-die.

15.14 बजे

(The Sabha* then adjourned Sine-die)